

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 24 मार्च 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -3 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-352 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 मार्च 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पेड़ से लटका मिला पूर्व केंद्रीय मंत्री के भतीजे का शव

**चंद्रपुर,24 मार्च।** पूर्व केंद्रीय मंत्री हंसराज अहीर के भतीजे और एक अन्य व्यक्ति का शव चंडीगढ़ में पेड़ से लटका मिला। वे एक सप्ताह पहले ही महाराष्ट्र के चंद्रपुर से चंडीगढ़ गए थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद अहीर अभी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री के एक सहयोगी ने बताया कि महेश हरिश्चंद्र अहीर और उनके दोस्त हरीश धोटे आठ दिन पहले चंडीगढ़ गए थे, जिसके बाद से परिवार वालों का उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, '' परिवार के सदस्यों ने 15 मार्च को चंद्रपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई और पुलिस अधीक्षक रवींद्रसिंह परदेशी ने एक दल को चंडीगढ़ भेजा। बुधवार शाम अहीर और धोटे के शव चंडीगढ़ में पेड़ों से लटके मिले।

### धर्मजीत जागरूक,संगीता व रंजना उत्कृष्ट विधायक

**रायपुर,24 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्पीकर डॉ. चरणदास महंत ने उत्कृष्ट और जागरूक विधायक के नाम का ऐलान किया. इस बार सत्ता पक्ष से संगीता सिन्हा और विपक्ष से रंजना दीपेंद्र साहू उत्कृष्ट विधायक चुनी गई हैं. वहीं, धर्मजीत सिंह को जागरूक विधायक चुना गया है. संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा 2018 में पहली बार विधायक चुनी गईं. विधानसभा स्पीकर डॉ. महंत ने उत्कृष्ट संसदीय पत्रकारिता के लिए प्रिंट से राहुल जैन और इलेक्ट्रॉनिक से देवव्रत भगत व रोहित श्रीवास्तव के नाम की घोषणा की है.

### परिणीता के डायरेक्टर का निधन

**मुंबई,24 मार्च।** 68 साल की उम्र में फिल्ममेकर प्रदीप सरकार का निधन हो गया है. 24 मार्च की सुबह 3.30 बजे उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली है. खबरों की मानें, तो वे डायलिसि पर चल रहे थे. उनका पोटेशियम लेवल बहुत तेजी से गिर गया था, जिसके बाद प्रदीप सरकार को देर रात अस्पताल ले जाया गया. लेकिन दुख की बात ये रही की डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए. उनकी मौत के साथ फिल्म इंडस्ट्री ने एक टैलेंटेड फिल्ममेकर खो दिया. एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने डायरेक्टर के निधन की खबर को कंफर्म किया है. प्रदीप सरकार ने दर्शकों को शानदार सिनेमा दिखाया. उन्होंने कई हिट फिल्में बनाई थीं. इनमें परिणीता, एकलव्य-द रॉयल गार्ड, लफंगे परिंदे, लागा चुनरी में दाग, मर्दानी, हेलीकॉप्टर ईला जैसी मूवीज शामिल रहीं. उनके डायरेक्शन में कई वेब सीरीज भी बनी थीं. जैसे फोरबिडन लव, अरेंज्ड मैरिज, कोल्ड लस्सी और चिकन मसाला. प्रदीप सरकार के डायरेक्शन में बनी आखिरी सीरीज दुरंगा थी.

### ट्रक की चपेट में आए बेटे की मौत, मां गंभीर


**जगदलपुर,24 मार्च।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले में शुक्रवार सुबह मां-बेटे एक ट्रक की चपेट में आ गए। इससे बेटे की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, बस्तर के साल्हेमेटा गांव के रहने वाले दोनों मां-बेटा आज सुबह विशाखापट्टनम से उपचार करवाकर ट्रेन से लौटे थे। दोनों अपने घर जा रहे थे।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द

## मानहानि मामले में 2 साल की सजा के बाद बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,24 मार्च।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है. लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसद की सदस्यता को रद्द कर दिया है. दरअसल, सूरत कोर्ट ने मानहानि मामले में गुरुवार को राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी. राहुल गांधी केरल के वायनाड से सांसद थे. सूरत कोर्ट के फैसले के बाद से ही राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता पर तलवार लटक रही थी. दरअसल, जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक, अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल से ज्यादा की सजा हुई हो तो ऐसे में उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाएगी. इतना ही नहीं सजा की अवधि पूरी करने के बाद छह वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी होते हैं.

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म हो गई है. हालांकि, राहुल को अपनी सदस्यता को बचाए रखने के सारे रास्ते बंद नहीं हुए हैं. वो अपनी राहत के लिए हाईकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं, जहां अगर सूरत सेशन कोर्ट के फैसले पर स्टे लग जाता है तो सदस्यता बच सकती है. हाईकोर्ट अगर स्टे नहीं देता है तो फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा. ऐसे में सुप्रीम कोर्ट से अगर स्टे मिल जाता है तो भी उनकी सदस्यता बच सकती है. लेकिन अगर ऊपरी अदालत से उन्हें राहत नहीं मिलती तो राहुल गांधी 8 साल तक कोई



चुनाव नहीं लड़ पाएंगे.

**राहुल ने 2019 में क्या बयान दिया था-** राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 को चुनावी रैली में कहा था, नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? राहुल के इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ धारा 499, 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया था. अपनी शिकायत में बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया था कि राहुल ने 2019 में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूरे मोदी समुदाय को कथित रूप से यह कहकर बदनाम किया कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है?

**कोर्ट ने क्या कहा था?**-दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने मोदी सरनेम वाले बयान को लेकर दायर मानहानि के मामले में दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई. राहुल गांधी ने कर्नाटक में 2019 लोकसभा चुनाव से पहले ये बयान दिया था. कोर्ट ने राहुल को 15000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया. इस दौरान राहुल गांधी ऊपरी अदालत में सजा को चुनौती दे सकते हैं. कोर्ट ने अपने 170 पेज के फैसले में कहा है कि आरोपी खुद सांसद (संसद सदस्य) हैं और सुप्रीम कोर्ट की सलाह के बाद भी आचरण में कोई बदलाव नहीं आया.

### हम भयभीत या चुप नहीं होंगे: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि राहुल गांधी को सच बोलने की सजा दी गई है। वहीं, जयराम रमेश ने कहा कि हम भयभीत या चुप नहीं होंगे। इस लड़ाई को कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ेंगे। कांग्रेस के संचार महासचिव प्रभारी जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि हम इस लड़ाई को कानूनी और राजनीतिक दोनों तरह से लड़ेंगे।

# छग संस्कृति केंद्र की विभिन्न राज्यों में की जाएगी स्थापना

## भूपेश बघेल ने लिखा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों पत्र

**रायपुर,24 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी पहल करते हुए विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है. पत्र के जरिए छत्तीसगढ़ सरकार की ''छत्तीसगढ़ कल्चरल कनेक्ट'' योजना से अवगत कराया है. छत्तीसगढ़ संस्कृति केंद्रों की स्थापना विभिन्न राज्यों में की जाएगी। छत्तीसगढ़ संस्कृति केंद्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व के स्थानों में खुलेंगे। इन केंद्रों में छत्तीसगढ़ के लोगों के निवास और भ्रमण की सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति, पुरातत्व एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ के परंपरागत हस्तशिल्प उत्पादों की भी जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रों की स्थापना हेतु दो एकड़ शासकीय भूमि आबंटित करने का अनुरोध किया है. मुख्यमंत्री बघेल ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आश्वस्त किया। छत्तीसगढ़ में संस्कृति केंद्र खोलने के लिए भूमि आबंटन की उन्हें भी स्वीकृति देंगे



### क्या भाजपा ओबीसी को 'छोटा आदमी' मानती है?

#### नड्डा के बयान पर सीएम बघेल का पलटवार

बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के ओबीसी वाले बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, पंडित जगत प्रकाश नड्डा जी! आप देश के भगोड़े चोर नीरव और ललित को बचाने के लिए ओबीसी समाज की आड़ क्यों ले रहे हैं? सीएम बघेल ने कहा, आप पहले यह बताएं कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर रमन सिंह एक पिछड़ी जाति के मुख्यमंत्री यानि मुझे 'छोटा आदमी' कह रहे हैं. क्या भाजपा ओबीसी को 'छोटा आदमी' मानती है. दरअसल जेपी नड्डा ने ट्वीट कर कहा था, ओबीसी समुदायों की चोरों से तुलना करके राहुल गांधी ने दयनीय और जातिवादी मानसिकता का परिचय दिया है. हालांकि उनका नवीनतम भाषण आश्चर्यजनक नहीं है. पिछले कई वर्षों से उन्होंने हमेशा राजनीतिक विमर्श के स्तर को कम किया है.

# छत्तीसगढ़ में भूकंप

**रायपुर,24 मार्च।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए. रिक्टर स्केल पर भूकंप के झटकों की तीव्रता 4.0 थी. बताया जा रहा है कि भूकंप सुबह 10.31 बजे आया. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र ग्वालियर से 28 किलोमीटर दूर जमीन से 10 किलोमीटर अंदर था. उधर, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर समेत आसपास के इलाकों में सुबह 10.39 भूकंप के झटके महसूस किए गए. इसका केंद्र सूरजपुर के भटगांव से 11 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है. इससे पहले मंगलवार रात को भारत के कई राज्यों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 थी. भूकंप का असर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड समेत पूरे उत्तर भारत में था. भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदू कुश क्षेत्र था. इन झटकों के बाद लोग दहशत में आ गए और अपने अपने घरों से बाहर आ गए. हालांकि, गनीमत रही कि अब तक देश से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई.

### आज से बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट बंद

**बिलासपुर,24 मार्च।** हवाई यात्रा करने वालों के लिए बुरी खबर है. एक मार्च 2021 से शुरू हुई बिलासपुर की हवाई सुविधा पर अब धीरे-धीरे ग्रहण लगता जा रहा है. पहले बिलासपुर-भोपाल फ्लाइट को बंद किया गया और अब आज से बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट को बंद कर दिया गया. इससे बिलासपुर की जनता में आक्रोश है. रद्द की गई फ्लाइटों की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रही हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने आज एयरपोर्ट गेट के सामने उड्डयन मंत्री का पुतला दहन किया. समिति के सदस्यों ने यहां से हवाई सुविधाओं को शुरू करने की मांग की है. मांग पूरी नहीं होने पर सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी है. इसके साथ ही 31 मार्च को बिलासपुर बंद करने का आवाहन भी किया है.

# मोदी ने मुझे शूर्पणखा कहा था मानहानि का केस करूंगी : रेणुका

**नई दिल्ली,24 मार्च।** कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी ने पीएम मोदी के खिलाफ मानहानि का केस करने की बात कही है। रेणुका ने एक ट्वीट में लिखा- 'इस क्लासलेस अहंकारी ने मुझे राज्यसभा में शूर्पणखा कहा था। मैं उसके खिलाफ मानहानि का केस करूंगी। अब देखेंगे कि अदालतें कितनी तेजी से एक्शन लेंगी।' सांसद रेणुका का यह बयान तब आया है, जब 2019 के मोदी सरनेम से जुड़े मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा और जुर्माना लगाया है। सांसद रेणुका ने अपने ट्वीट में वीडियो क्लिप भी शेयर की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 के तहत सांसदों को सदन में बोलने पर कुछ विशेषाधिकार दिए गए हैं। इसके मुताबिक सांसद को सदन में भाषण, किसी बयान या किए गए काम के लिए कानूनी कार्रवाई से छूट दी गई है। उदाहरण के लिए सदन में दिए गए बयान के लिए मानहानि का मुकदमा दायर नहीं किया जा सकता है। यानी अगर रेणुका चौधरी चाहें तो भी पीएम मोदी के खिलाफ मानहानि का केस नहीं कर सकतीं। 7 फरवरी 2018 में राष्ट्रपति के अभिभाषण प्रस्ताव पर मोदी अपना पक्ष रख रहे थे। मोदी जब राज्यसभा में आधार स्कीम पर बोल रहे थे, तब रेणुका चौधरी काफी तेज आवाज में हंसने लगीं। इस बीच तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू ने उन्हें टोका। इस



पर मोदी ने कहा- 'सभापति जी आपसे मेरी विनती है कि रेणुका जी को कुछ मत कहिए। रामायण सीरियल के बाद ऐसी हंसी सुनने का सौभाग्य आज मिला है।' विवाद उस वक्त बढ़ गया, जब किरेन रिजिजू ने पीएम के साथ शूर्पणखा का वीडियो शेयर किया था, जिस पर कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताते हुए माफी की मांग की थी।

सांसद रेणुका ने पूछा था- जब मेरी तुलना शूर्पणखा से हुई थी तब मीडिया कहां थी मोदी की तुलना रावण से करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान का सपोर्ट करते हुए रेणुका ने पूछा था- जब पीएम मोदी ने संसद में मेरी तुलना शूर्पणखा से की थी, तब मीडिया कहां थी? हालांकि कई सोशल मीडिया यूजर्स ने रेणुका के दावे को झूठा बताया था और कहा था कि पीएम मोदी ने उन्हें सूपर्णखा कभी नहीं कहा।




# छग को नक्सल मुक्त करने अभियान चलाया जाएगा : सीआरपीएफ डीजी

**रायपुर,24 मार्च।** सीआरपीएफ के डीजी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माओवादियों से निपटने के लिए सीआरपीएफ तैनात किया गया है। तब से नक्सली घटनाओं में कमी आयी है। उन्होंने बताया कि 38 यूनिट नक्सल विरोधी अभियान में कार्यरत हैं। विगत दो वर्षों में लगभग 53 स्नह्रक्च का गठन हुआ है जो स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर किया जाता है। सड़क, पुलिया, स्कूल, आंगनबाड़ी और शासकीय योजनाएं चालू हुई है। ग्रामीणों का जैसे- जैसे विश्वास बढ़ेगा वैसे-वैसे नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे पलायन कम होगा। छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने के लिए बिहार और झारखंड में जैसे अभियान चलाए गए, यहां भी उसी तरह काम किया जाएगा। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर नक्सली लीडरों को टारगेट किया जाएगा। जिससे नक्सलवाद का खात्मा हो। जगदलपुर में खुलेगा ट्रामा सेंटर - सीआरपीएफ के डीजी ने बताया कि जगदलपुर में बहुत जल्द ट्रामा सेंटर खोला जाएगा। ट्रामा सेंटर का प्रस्ताव पूरा हो चुका है। इसके लिए करनपुर को चिन्हित किया गया है। इसके खुलने से जहां गंभीर घायल जवानों को तत्काल इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं स्थानीय ग्रामीणों को भी ट्रामा सेंटर का लाभ मिलेगा। सीआरपीएफ और राज्य पुलिस की मेहनत ने राज्य सरकारों की रूकी हुई गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो रही है। झारखंड में भी अभियान जारी है। सीआरपीएफ भारत का एकमात्र ऐसा फोर्स है जिसमें 5 महिला अधिकारी पदस्थ हैं।

# गांधी जी के पास नहीं थी कोई डिग्रीः एलजी

**श्रीनगर,24 मार्च।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक विवादित बयान दे दिया है। उन्होंने एक ऐसा बयान दिया है जिसकी वजह से उनकी आलोचनाएं हो रही है। दरअसल, उन्होंने एक संबोधन के दौरान साफ तौर पर कहा कि यह गलत धारणा है कि गांधीजी के पास कानून की डिग्री थी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गांधीजी के पास कोई विश्वविद्यालय की डिग्री नहीं थी। अपने बयान में मनोज सिन्हा ने कहा कि यह भ्रांति है कि गांधी जी के पास कानून की डिग्री थी। उनके पास एक भी विश्वविद्यालय की डिग्री नहीं थी? उनकी एकमात्र योग्यता हाई स्कूल डिप्लोमा थी। उन्होंने कानून का अभ्यास करने की योग्यता प्राप्त की। उसके पास कोई डिग्री नहीं थी लेकिन वह कितने शिक्षित थे? हालांकि, मनोज सिन्हा ने साफ तौर पर कहा कि गांधी जी ने बड़े बड़े काम किए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हासिल हुआ, उसके केंद्र में सत्य था। सत्य के अधीन ही उन्होंने




कार्य किया। उनके जीवन के हर पहलू में इसके अलावा कुछ नहीं था। जितनी चुनौतियां आई, जितनी परीक्षाएं आई, सत्य को उन्होंने कभी नहीं त्यागा। महात्मा गांधी इस पर अडिग रहें और इसी कारण वह राष्ट्रपिता हुए। लेकिन डिग्री वाली बात को लेकर मनोज सिन्हा चर्चा के केंद्र में आ गए हैं।

# 14 राजनीतिक दलों की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

## विपक्षी नेताओं पर ईडी-सीबीआई के मनमाने इस्तेमाल का विरोध

**नई दिल्ली,24 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के नेतृत्व वाले 14 राजनीतिक दलों द्वारा संयुक्त रूप से दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को 5 अप्रैल को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जांच एजेंसियों ईडी और सीबीआई के मनमाने इस्तेमाल के खिलाफ 14 राजनीतिक दलों द्वारा दायर याचिका का उल्लेख किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने शीर्ष अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि याचिका में पूर्व-



गिरफ्तारी और गिरफ्तारी के बाद और उनके प्रवर्तन के लिए दिशानिर्देश मांगे गए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा, आज ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है और 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के हैं। हम गिरफ्तारी से पहले के दिशा-निर्देशों और गिरफ्तारी के बाद के दिशा-निर्देशों की मांग कर रहे हैं। वकील ने कहा कि ये राजनीतिक दल कह रहे हैं कि लोकतंत्र खतरे में है. उन्होंने यह भी कहा कि वे मौजूदा जांच को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करना चाहते हैं। शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने वाले विभिन्न दलों में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम , राष्ट्रीय जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना उद्धव खेमा, झारखंड मुक्ति मोर्चा , जनता दल (यूनाइटेड), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी , भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और समाजवादी पार्टी शामिल हैं।

# आईजी ने पुलिस कर्मियों को किया पुरस्कृत

**भिलाई,24 मार्च। ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रक्षित केन्द्र, दुर्ग में पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग रेंज दुर्ग डॉ आनंद छाबड़ा द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया वार्षिक निरीक्षण में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक को सलामी दी गई। वहीं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों का निरीक्षण एवं किट परेड निरीक्षण किया गया। इस उत्तम वेषभुषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों एवं उत्तम किट लगाने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया पुलिस महानिरीक्षक डॉ आनंद छाबड़ा द्वारा उपस्थित कर्मचारियों से रायफल अभ्यास की कार्यवाही कराई गई। उत्कृष्ट रायफल अभ्यास करने वाले कर्मचरियों को पुरस्कृत किया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने



वाहन परेड निरीक्षण किया। इसके बाद रक्षित केन्द्र, दुर्ग स्थित आर्म्स शाखा का निरीक्षण किया गया एवं आर्म्स-एम्युनेशन के रख-रखाव एवं सुरक्षा के प्रति सजग एवं सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात् उनके द्वारा निरीक्षण में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों की दरबार ली गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य अपराध की पतासाजी, नियंत्रण व रोकथाम एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना है। आप पुलिस सेवा में अपना 100 प्रतिशत व्यवसायिक दक्षता के साथ कार्य करें। दुर्ग-भिलाई की आम जनता को पुलिस से बहुत उम्मीदें है वह पुलिस को ही सक्षम मानकर आपके पास आती है। आप उनकी समस्या का पूरे दक्षता के साथ समाधान करें एवं सार्वजनिक स्थलों पर ऐसा काम करें कि पुलिस की अच्छी छवि परिलक्षित हो व आम जन मानस में पुलिस के प्रति विश्वास उत्पन्न हो इस अवसर पर एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव कहा कि साईबर अपराध में दुर्ग पुलिस को बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। यातायात का सुचारू रूप से संचालित किये जाने पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है, एवं विभिन्न थाना चौकी क्षेत्रों में गुण्डे बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए उनसे अवैध हथियार जप्त किया जाकर कार्यवाही की गई है। कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु दुर्ग पुलिस लगातार बलवा ड्रील का अभ्यास कर रही है

# सरकारी कर्मचारियों के पेंशन पर बनेगी कमेटी

**नई दिल्ली,24 मार्च।** केंद्रीय कर्मचारियों के पेंशन को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में बड़ा ऐलान किया है। निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में फाइनेंस बिल पेश किया। भारी शोर शराबे के बीच फाइनेंस बिल 2023 पारित हो गया। इस दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि कर्मचारियों के लिए पेंशन से संबंधित मुद्दे को देखने के लिए एक समिति गठित करने का प्रस्ताव है। अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि सरकारी कर्मचारियों के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम यानी एनपीएस में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा- में पेंशन के इस मुद्दे को देखने के लिए वित्त सचिव की अगुवाई में एक समिति गठित करने का प्रस्ताव करती हूँ।मालूम हो कि साल 2004 से पहले पुरानी पेंशन स्कीम के तहत रिटायरमेंट के बाद एक तय पेंशन मिलती थी। यह पेंशन रिटायरमेंट के समय कर्मचारी की सैलरी पर आधारित होती थी। इस योजना में रिटायर्ड कर्मचारी की मौत के बाद उसके परिजनों को भी पेंशन मिलने का नियम था। लेकिन अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया। इसके स्थान पर नई पेंशन योजना लागू हुई। बाद में राज्यों ने भी नई पेंशन योजना को लागू कर दिया।

## एक नजर

### शहीद दिवस पर युवाओं ने दी श्रद्धांजलि



**मोहला 24 मार्च।** शहीद दिवस पर मोहला मानपुर चौकी जिलाध्यक्ष मनीष साहू के मार्गदर्शन में एवं एनएसयूआई खुज्जी विधानसभा अध्यक्ष वैभव सिंह परिहार के नेतृत्व में अंबागढ़ चौकी वार्ड नंबर 8 के शहीद भगत सिंह चौक में एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने अधिक संख्या में उपस्थित हो कर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जी की शहादत को याद करते हुए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया सभी युवाओं ने शहीद दिवस के दिन संकल्प लिया की हमभी देश के लिए कुछ करना पड़े तो कभी पीछे नहीं हटेंगे इस श्रद्धांजलि सभा में एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष शिखर वर्मा, जिला महासचिव अमन डोंगरे, लोचन निषाद, शेखर सागोड़े, यशदीप हुमनकर, लक्की कुंजाम,निखिल बॉम्बेश्वर,अमित तारमे, देवप्रसाद निषाद, लक्की निषाद लक्की अमिला, जयंत पटेल, छबि पटेल रितेश नेताम, आकाश सारथी, सत्यम, योगेश मानिकपुरी एवं वार्ड वासी आदि इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

### मां कोदोरास धाम सिलौटी में जले 50 मनोकामना जोत



**अंवरी 24 मार्च।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर सभी जगह मंदिर, देवालयो मे मनोकामना ज्योति दीप प्रज्वलित की गई। नवरात्र के प्रथम दिवस मे ग्राम सिलौटी के कोदोरास अन्नपूर्णा धाम के नवनिर्मित ज्योति कक्ष में भी विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मन्नत कर भक्तों ने दीप प्रज्वलित की गई। उक्त कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू की उपस्थिती में दीप प्रज्वलित की गई, मुख्य अतिथि ने समस्त क्षेत्रवासियों को हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी पर्व की बधाई शुभकामनाएं दी। जहां ग्रामवासी, मंदिर समिति की मांग पूरी हुवि नव निर्मित भवन में ही ज्योति दीप जलाई गई है। आसपास से आए लोगों ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ताराबाई लोधे सरपंच सिलौटी,शिवप्रसाद साहू ग्रामीण पटेल, नरसिंह महाराज पुजारी,राजा बंजारे,टीकाराम साहू उपसरपंच, रामचंद्र राव, गंगाधर राव पूर्व संचालक,विजय साहू ,गिरधर साहू,श्यामू साहू, कौशल साहू, महेश, सोमन साहू पूर्व अध्यक्ष,पीतांबर साहू ,गिरधर मारकंडे,नागेंद्र गिरी,विजय कुमार साहू ,संतराम टेलर,दिलीप कुमार, ईश्वर साहू,कुलेश्वर साहू गौकरण सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



**रायपुर।** रक्षा अध्ययन विभाग, साइंस कॉलेज, रायपुर तथा विप्र महाविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज समापन हुआ। हिंद महासागर में भारत का सामरिक हित÷ विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम सत्र में गोरखपुर से प्रो हरि शरण ने कहा कि किसी भी देश की आर्थिक प्रगति ही उस देश के नौसेना के प्रगति का धोतक होता है। अतः जैसे-जैसे भारत में आर्थिक प्रगति हो रहा है, वैसे भारतीय नौसेना भी ताकतवर हो रही है। चीन की बढ़ती नौसेना की ताकत, उसकी आर्थिक प्रगति को दिखाता है। चीन का हिंद महासागर में बढ़ता दखल, भारत के लिए लगातार चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। नई दिल्ली से प्रोफेसर विमल नयन पांडेय ने बताया कि वर्ष 2003 और वर्ष 2013 के मध्य, चीन ने अदन की खाड़ी में अपनी नौसेना को भेजने के पश्चात से ही हिंद महासागर में अब स्थाई रूप से रहने लग गया है। उसके निगरानी रखने वाले जहाजों का लगातार हिंद महासागर में उपस्थिति भी हमारे लिए चुनौती है। आज के अंतिम विशेषज्ञ के रूप में भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन सतीश मिश्रा ने बताया कि बढ़ते हुए चीन की चुनौती का सामना तथा मलक्का जल मार्ग से भविष्य के होने वाले खतरे के दृष्टिगत भारत ने अंडमान एवं निकोबार दीप समूह पर ट्राई सर्विस कमांड का स्थापना किया है। यह एक थिएटर कमांड है, जो तीनों सशस्त्र बल को एक नेतृत्व के अधीन रखता है। आज इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर प्रो गिरीश कांत पांडेय ने पूरे विषय पर अपना विचार रखा। विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने अपना आशीर्वचन प्रस्तुत किया। आज के इस कार्यक्रम को प्रो निधि शुक्ला ने संचालित किया तथा प्रो प्रवीण कुमार कड़वे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


### फ़्लिपकार्ट होलसेल और एचडीएफ़सी बैंक लाए इंडस्ट्री का प्रथम सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड

**रायपुर 24 मार्च।** एचडीएफ़सी बैंक, भारत का सबसे बड़ा निजी बैंक और फ़्लिपकार्ट होलसेल, भारतमें जन्मे फ़्लिपकार्ट समूह का सर्व-माध्यम व्यापार से व्यापार प्लेटफ़ॉर्म, विस्तृत ऑनलाइन और ऑफ़लाइन उपस्थिति के साथ, अब लेकर आए हैं इंडस्ट्री का प्रथम सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खास फ़्लिपकार्ट होलसेल सदस्यों के लिए। क्रेडिट कार्ड डाइनर्स क्लब अंतर्राष्ट्रीय0? नेटवर्क, डिस्कवर ग्लोबल नेटवर्क के हिस्से पर भी काम करता है और 200 से अधिक देशों में प्रयोग किया जा सकता है जहाँ डाइनर्स क्लब के कार्ड स्वीकार्य हैं। इस समझौते के तहत, फ़्लिपकार्ट होलसेल के पंजीकृत सदस्य फ़्लिपकार्ट होलसेल ऑनलाइन खर्च पर 5% कैशबैक का लाभ उठा सकेंगे ।

# भूपेश सरकार ने एक वर्ष में पूरा किया पत्रकारों से किया दूसरा बड़ा वादा

## आवासीय भूमि के बाद अब विकास कार्यों के लिए 1.80 करोड़ जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 24 मार्च।** पत्रकार सुरक्षा कानून की खुशी के बीच गुरुवार को राजनांदगांव जिले के पत्रकारों के लिए राज्य सरकार ने हर्षित करने वाला आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव जिले के पत्रकारों से किया वादा एक वर्ष के भीतर ही पूरा कर दिया है। वर्ष 2022 में 10 एकड़ आवासीय भूमि देने वाली भूपेश सरकार ने अब उस भूमि में मूलभूत विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 80 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। इस राशि से पत्रकारों के लिए पनेका में आबंटित आवासीय भूमि पर सड़क, पानी, बिजली व नाली निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। गौरतलब है कि राजनांदगांव जिले के पत्रकार लंबे अरसे से आवासीय भूमि की मांग कर रहे थे। प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति के गठन के साथ कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही सरकार ने पनेका में स्थित राजगामी संपदा न्यास की 10 एकड़ भूमि पत्रकारों को देने का निर्णय लिया। जनवरी 2022 में राजगामी न्यास को वांछित राशि का भुगतान होने के चार माह बाद ही भूमि का आबंटन प्रेस क्लब की गृह निर्माण समिति को कर दिया गया। 15 अगस्त 2022 तक यह भूमि समिति के सभी पत्र 142 सदस्यों को बराबर-बराबर (1980 वर्गफीट) पुनर्बंटित कर दी गई है।

### घर बुलाकर दी विकास की राशि

पत्रकारों के नाम से जमीन का पंजीयन होने के बाद 16 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिले के पत्रकारों को मुख्यमंत्री आवास रायपुर आमंत्रित किया। वहां उन्होंने स्वयं अपने हाथों से आवंटित जमीन के दस्तावेज पत्रकारों को सौंपे। इतना ही नहीं इसी संक्षिप्त समारोह में उन्होंने प्रस्तावित पत्रकार कालोनी में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 80 लाख रुपये देने की महत्वपूर्ण घोषणा भी कर दी। तमाम प्रकार की कागजी प्रक्रिया को पूरी करते हुए शासन ने महज सात माह की अल्पावधि में ही यह राशि नगरीय प्रशासन विभाग के माध्यम से नगर निगम राजनांदगांव को जारी भी कर दी।

### निविदा के बाद जल्द ही शुरू होगा काम

उक्त राशि से सड़क, नाली, बिजली व पानी का काम कराया जाना है। विद्युतीकरण के लिए 84 लाख रुपये जारी किए गए हैं। शेष राशि अन्य प्रस्तावित कार्यों पर खर्चे किए जा सकेंगे। 23 मार्च को जारी आदेश में नगरीय प्रशासन विभाग के अधीक्षण अभियंता श्याम पटेल ने कहा है कि जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। इस उपलब्धि से जिले के पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि व प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल व छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### मुख्यमंत्री ने पवित्र रमजान माह के शुभारंभ पर लोगों को दी मुबारकबाद

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पवित्र रमजान माह के शुभारंभ के अवसर पर मुस्लिम समाज सहित आम जनता को मुबारकबाद दी है। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि रमजान नेकियों, रहमतों और बरकतों का महीना है। यह महीना जहां देश और दुनिया के लिए प्यार एवं भाईचारे का पैगाम लेकर आता है, वहीं यह हमें आत्म- अनुशासन से जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा है कि समस्त मानव जाति के लिए प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम लेकर आने वाले इस महीने में हम सब देश-प्रदेश की खुशहाली की दुआ करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रमजान का यह महीना प्यार, भाईचारा, रहमत और बरकत लेकर आए।

# पदयात्री सेवा पंडाल में बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताएं 25 एवं 26 मार्च को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 24 मार्च।** संस्कारधानी राजनांदगांव में पदयात्री सेवा पंडाल के साथ-साथ बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताओं का संयुक्त आयोजन भी श्री बागेश्वर मंदिर उत्सव भवन में किया जा रहा है आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता,हरीश गांधी,सौरभ खंडेलवाल,सूरज गुप्ता , एवं मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार के समन्वयक योगेश साहू ने बताया कि बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट एवं मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार एवं गौ सेवा रथ दो रोटी बाल रत्न मंच सेवा समिति राजनांदगांव के संयुक्त तत्वाधान में मां बमलेश्वरी देवी पदयात्री सेवा पंडाल में विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन-ञ्बच्चों के लिए प्रतियोगिता दिनांक 25 मार्च 2023 दिन शनिवार प्रतियोगिता समय दोपहर 3ञ00 से 5ञ00 बजे तक प्रतियोगिता शुल्क ? 20 होगा 1 *बच्चों के लिए धार्मिक चित्रकला छोटे बच्चे 2 बड़े बच्चों के लिए प्रतियोगिता धार्मिक चित्रकला चित्र बनाओ 3 बच्चों के लिए श्लोक वाचन कोई दो श्लोक प्रतियोगिता 4 बच्चों के लिए हनुमान चालीसा गायत्री चालीसा दुर्गा चालीसा शिव चालीसा मौखिक प्रतियोगिता 5 बच्चों के लिए धार्मिक चित्र रंगोली प्रतियोगिता 6 बच्चों के लिए धार्मिक वेशभूषा प्रतियोगिता महिलाओं के लिए प्रतियोगिता दिनांक 26 मार्च 2023 रविवार समय दोपहर 3ञ00 से 5ञ00 बजे तकप्रत्येक प्रतियोगिता का शुल्क ?20 प्रति प्रतियोगिता होगा 1 महिलाओं के लिए कलश सज्जा प्रतियोगिता 2 *महिलाओं के लिए देवी पूजन थाली सजाओ प्रतियोगिता 3 *महिलाओं के लिए धार्मिक सामान्य ज्ञान मौखिक प्रतियोगिता*4 *महिलाओं के लिए धार्मिक वेशभूषा प्रतियोगिता

*सभी प्रतियोगिता का आयोजन पदयात्री सेवा पंडाल बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट उत्सव हाल में प्रतियोगिताएं होंगी। सभी प्रतियोगिताओं का समय दोपहर 3ञ00 से 5ञ00 बजे तक होगा इस वर्ष प्रथम बार पद यात्रियों के लिए भी धार्मिक मौखिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें तत्काल पुरस्कार वितरण भी किया जावेगा, सभी प्रतियोगिताओं के लिए संपर्क पंकज गुप्ता 8109992008 , सौरभ खंडेलवाल 9039790805,, हरीश गांधी 7999921209 सूरज गुप्ता 9303333108, मनीष यादव 7000941834 दिनेश अग्रवाल 9329393413 से सम्पर्क किया जा सकता है,पुरस्कृत सभी विजयी प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतियोगियों को पुरस्कार व सभी को सर्टिफिकेट व सांत्वना पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजको द्वारा प्रदान किये जायेंगे।आयोजन समिति द्वारा उक्त सभी प्रतियोगिताओ में संस्कारधानीवासियो से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति प्रज्वलन के साथ नवरात्रि प्रारम्भ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद 24 मार्च।** बुधवार को चैत्र नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष के आगमन के साथ प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय माँ काली छत्तीसगढ़ महतारी मन्दिर ,माँ चंडी मन्दिर कुरुद सहित अंचल के देवी मंदिरों में प्रथम दिवस मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया गया ।

विधिवत रूप से आज ज्योति कलश स्थापना के साथ आरती पूजन व प्रसादी वितरण कर माता के सम्मुख जनकल्याण की अर्जी लगाई। मिली जानकारी अनुसार इस बार जय माँ काली व छत्तीसगढ़ महतारी मन्दिर कुरुद में घी ज्योत 53 व तेल ज्योत 464 है, वहीं चंडी मन्दिर में कुल 641 ज्योत प्रज्वलित किये गए है।

विदित है कि आज से चैत्र नवरात्रि का आगाज हो गया है।चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय महाकाली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरुद में भव्य मेले का आयोजन आज से 30 मार्च तक किया जा रहा है।जिसमें धार्मिक और



सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा मेले में मीना बाजार की तैयारी की गई हैं।ज्ञातव्य है कि हर साल चैत्र नवरात्रि पर कुरुद में भव्य मेले का आयोजन होता है,जिसे देखने काफी संख्या में लोग उमड़ते है।

इस बार मेले में ऑक्टोपस झूला, टोरा टोरा झूला, हवाई झूला, सुपर ड्रैगन, ब्रेकडांस झूला, भूत बंगला, मिक्की माउस, टाइटैनिक, रेंजर झूला, झूला बेबी, ट्रेन सालंबो झूला, मौत कुआं, मोटर बोड, मोटर साइकिल धूम, स्कॉर्पियो धूम, विभिन्न राज्य से आई सुसज्जित दुकानें व मीना बाजार आकर्षण का केंद्र होगी।

वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में चतुथी 25 मार्च दिन शनिवार शाम 06 बजे से 7 बजे मां दुर्गा भगवती मानव कल्याण समिति द्वारा व 07बजे से 10 बजे जय गुरुदेव पंडवानी पार्टी शुक्लाभाठा (गंगाबाई) की प्रस्तुति होगी।(पंचमी) दिनांक 26. 03. 2023 दिन रविवार को शाम 07बजे से 11बजे छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच झमाझम अरमरी खुर्द (रिवागहन) जिला दुर्ग।(छटमी) 27.03 2023 दिन सोमवार शाम 07बजे से 11बजे - लोक सरोवर छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम ग्राम कंडेल (धमतरी),(सप्तमी) दिनांक 28.03.2023 दिन मंगलवार

शाम 07बजे से 11बजे - लोक कला मंच मोर संगवारी ,(अष्टमी) दिनांक 29.03.2023 दिन बुधवार शाम 07बजे से 11बजे धरती के सिंगार भोथीपार (कला) राजनांदगांव।(नवमी) दिनांक 30.03 2023 दिन गुरुवार शाम 07बजे से 11बजे रंगझाझर लोककला मंच दहदहा की मनभावन प्रस्तुति होगी।

# जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पदम कोठारी के 3 वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छूरिया 24 मार्च।** वैसे तो पदम सिंह कोठारी राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाए गए थे लेकिन राजनांदगांव जिला के विभाजन के पश्चात वर्तमान में राजनांदगांव, खैरागढ़ छुईखदान गंडई एवं मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी तीनों जिले का जिला अध्यक्ष का पद संभाल रहे है। पदम सिंह कोठारी ने सफलतापूर्वक अपने 3 वर्ष में कांग्रेस को और अधिक मजबूती देने का कार्य किया है। कोठारी जी ने पूरे जिले भर में सभी कार्यक्रमों में अपनी सक्रियता दिखाते हुए कार्यकर्ताओं का मन जीत लिया है। जिसके कारण जिले भर के कार्यकर्ता संगठन से सक्रियता के साथ जुड़े हुए हैं। साथ ही साथ कांग्रेस से जुड़े सभी प्रकोष्ठ के साथ बेहतर तालमेल बनाकर संगठन को आगे बढ़ाने का काम पदम सिंह कोठारी ने किया है। जिसका परिणाम रहा जिले के अंदर होने वाले सभी चुनाव में कांग्रेस को सफलता मिली है। यह सफलता निश्चित रूप से उनकी कार्यकुशलता और मेहनत को साबित करती है। कोठारी जी के नेतृत्व में पूरे 3 साल जिला कांग्रेस कमेटी बिना किसी मतभेद के चल रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी के 3 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर जिले भर के सभी विधायक, राजनांदगांव, खैरागढ-गंडई-छुईखदान, मोहला- मानपुर-चौकी जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजनो, जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल, कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग के जिला ब्लॉक अध्यक्ष व जिला ब्लॉक पदाधिकारियों, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षद एल्डरमैन, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जिला, जनपद, ग्राम पंचायत के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित सदस्यों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। कोठारी जी से मिलने के लिए उनके निवास कार्यालय में कार्यकर्ताओं का ताता भी लगा रहा।

## किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय का स्वागतः वैष्णव

**राजनांदगांव 24 मार्च।** जिला किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव एवं रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य कृषि समिति सदस्य राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र की सक्रिय वैष्णव ने जारी बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में 2023 मे किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुये इसे बड़ी सौगात बताया है। वैष्णव ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई किसानों के योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे हैं। सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले श्री बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को जमीनी हकीकत कर दिखाया भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है।और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। 4 वर्ष में किसानों संख्या में वृद्धि हुआ एवं पडत भूमि किसानी भूमि मे सुधार हुआ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है। सन 2018 में किसान मजदूर से ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बना 2023 पुनः कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगा वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष खरीफ सीजन में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा भूपेश सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है।

## एनएसयूआई ने मोदी सरकार का पुतला दहन किया-राजा

**राजनांदगांव 24 मार्च।** सगढ़ एनएसयूआई के निर्देश पर एनएसयूआई के पूर्व सयुंक्त महासचिव राजा यादव के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया।एनएसयूआई प्रदेश पूर्व सयुंक्त महासचिव राजा यादव एवं प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति ने कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के नेताओ को जाच एजेसी के माध्यम से बेबुनियाद आरोप लगाकर फसाया जा रहा है।। भारत जोड़ो यात्रा के 45 दिनों बाद श्री राहुल गांधी जी को जांच एजेंसी द्वारा नोटिस भेजना केंद्र सरकार कि राजनीति षड्यंत्र को दर्शता है।। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा एवं जिला उपाध्यक्ष शिशिर सिन्हा ने बतया कि मोदी सरकार अडनी के मुद्दे पर ना तो जेपीसी कि मांग पूरी कर रही है। और ना है संसद को चलने दिया जा रहा है।। जिला उपाध्यक्ष उमेश साहू एवं कुशल रजक ने कहा कि बीजेपी की केंद्र सरकार सत्ता मे आने से पहले पेट्रोल, डीजल गैस के दामो को कम करने का वादा करती थी लेकिन आज देश मे महगाई चरम सीमा पर है इस पर केंद्र सरकार चुप है।।और अपनी नाकामी को छुपाने के लिए विपक्ष पर जाच एंजेसी भेज रही है।। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रदेश पूर्व सयुंक्त महा सचिव राजा यादव,प्रदेश सचिव शुभम प्रजपति जिला अध्यक्ष अमर झा, जिला उपाध्यक्ष उमेश साहू, शिशिर सिन्हा, कुशल रजक, जिला महासचिव सागर यादव,दीपक सोनकर, जिला सचिव टीकेश देशहरे, रोहित उकेल, वैभव, कॉलेज अध्यक्ष रोहन कुंजाम, गौरव वैष्णव, यश गुरु, संदीप साहू, आशीष सिन्हा, संजय, अमन, जय साहू, दिनेश वर्मा, सौरभ आदि मौजूद रहे।



### मानपुर मे युकांईयो ने प्रधानमंत्री का पुतला फुका

**मोहला 24 मार्च।** गुरुवार को मानपुर बस स्टैंड मे राष्ट्रीय अध्यक्ष बी बी श्रीनिवास ,छत्तीसगढ़ प्रभारी पलक वर्मा ,प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा,संसदीय सचिव व विधायक इन्द्रशाह मंडावी ,जिलाप्रभारी नरेन्द्र वर्मा के निर्देश पर मोदी सरनेम मामले में सूरत कोर्ट व्दारा हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी को सजा सुनाये जाने के विरोध में जिला युवा कांग्रेस मोहला-मानपुर, अं-चौकी के व्दारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला मानपुर बस स्टैंड मे युवा कांग्रेस के व्दारा फुका गया इस कार्यक्रम मे जिला युकां मनीष निर्मल, विधायक प्रतिनिधि रामकेवल विश्वकर्मा, ब्लॉक सचिव भावेश जैन,छात्र नेता,तनुज मंडल,युवा नेता सैफ जुनैद, ह्स्ढ्ढ सोशल मिडिया जिलाध्यक्ष निखिल यादव,ह्स्ढ्ढ ब्लॉक अध्यक्ष त्रिवेन्द्र शाह मंडावी,युवा नेता देवा सारथी,ललित बोगा,अजित खांन ,खिलवन साहू,प्रकाश विश्वास, जबिर खांन, राहुल नेताम,प्रेम ध्रुर्वे, बिट्टू श्रीवास और युवा कांग्रेस के साथी उपस्थिति थे।



### एक्सिस बैंक और ऑटोट्रैक फाइनेंस लिमिटेड ने युबी के जरिए सह-ऋण मॉडल के अंतर्गत साझेदारी की

**रायपुर, 24 मार्च।** भारत के तीसरे सबसे बड़े निजी बैंक, एक्सिस बैंक और गुड़गांव स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, ऑटोट्रैक फाइनेंस लिमिटेड ने आज युबी कंपनी लेंड प्लेटफॉर्म के माध्यम से सह-ऋ्रण मॉडल के तहत अपनी महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के माध्यम से, दोनों ऋ्रणदाता देश में ग्रामीण क्षेत्र की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए नए ट्रैक्टर ऋ्रण उपलब्ध कराएंगे।इस साझेदारी के जरिए एएफएल के व्यापक ग्राहक अनुभव और एक्सिस बैंक की गहरी वित्तीय विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाएगा ताकि किसानों को सर्वोत्तम ब्याज दरों पर आसानी से ऋ्रण उपलब्ध कराया जा सके। एएफएल को 18 राज्यों के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में मजबूत ग्राहक आधार और डीलरों के लिए तैयार पहुंच का लाभ प्राप्त है।

### स्वामी श्री विवेकानंद युवा मंच एवं ग्रामवासियों का आयोजन

# अंवरी में आराध्या साहू ने पंडवानी सुनाकर मोहा मन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंवरी 24 मार्च।** ग्राम अंवरी में स्वामी श्री विवेकानंद युवा मंच अंवरी एवं समस्त ग्रामवाशियों के सहयोग से 22 मार्च को रात्रि में आराध्या साहू पंडवानी बकली,का कार्यक्रम रखा गया था। जो कि में 9 वर्षीय बाल पंडावानी गायिका आराध्या साहू का पंडवानी हुआ जिसमें भगवान श्री कृष्ण का विराट को भजन के रूप में श्रद्धालुओं को प्रस्तुत किया गया जिसको बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सुनकर गदगद हुए । उन्होंने कहा की अपने कथा में

बर्बरीक और श्री कृष्णा के बारे में बताते महाभारत में वर्णित कई ऐसी कथाएं हैं जिससे आज भी लोग अनजान हैं । जैसे की पाण्डु पुत्र भीम का महाबली पौत्र बर्बरीक अत्यंत बलशाली था । बर्बरीक के पास दिव्यशक्तियां थी वह अकेले ही ख़त्म कर सकता था महाभारत युद्ध जिस कारण भगवान श्रीकृष्ण ने उससे सिर मांग लिया ।

बर्बरीक घटोत्कच का पुत्र और भीम का पौत्र था । बचपन में एक दिन वो अपनी दादी हिडिम्बा के साथ आराम कर रहा था । तभी उसने दादी से पुछा, ÷मुक्ति क्या होता है?÷ बर्बरीक के सवालों का जवाब देते हुए उसकी दादी ने कहा, ÷ हे बर्बरीक,मुक्ति हर मनुष्य का परम उदेश्य होता है जिसे पाकर मनुष्य मृत्यु और जीवन के चक्र से मुक्त हो जाता है और परमात्मा में लीन हो जाता है ।÷ लेकिन बर्बरीक ने दादी से फिर सवाल किया ÷दादी ये तो बताओ की मुक्ति कैसे प्राप्त की जाती है?÷ हिडिम्बा ने बर्बरीक के सवाल का जवाब देते हुए कहा, ÷जो मनुष्य अपने कर्मो के फल को त्याग देता है उसे मुक्ति प्राप्त होती है । इसे पाने में मनुष्य को कई जन्म लग जाते हैं । तब बर्बरीक ने अपनी दादी से सरलता से मुक्ति पाने का उपाय पुछा । दादी ने बर्बरीक से कहा , ÷जिस किसी मनुष्य की मृत्यु प्रभु के हाथों होती है वह उसी समय परमात्मा में लीन हो जाता है ।÷ तत्पश्चात बर्बरीक ने कठिन तपस्या की और शक्ति अर्जित करने का सोचा जिससे की उससे कोई मानव न मार सके । इसके बाद बर्बरीक ने महिसागर संगम पर कठिन तपस्या शुरू कर दी । बर्बरीक की तपस्या से प्रसन्न होकर नवदुर्गा ने उसे अपने नौ रूपों के दर्शन दिए और बलशाली होने का वरदान दिया ।साथ ही माँ नवदुर्गा ने बर्बरीक से उसी स्थान पर माँ सिद्धिदात्री की तपस्या करने को कहा । बर्बरीक ने नवदुर्गा की सलाह मानकर माँ सिद्धिदात्री की तपस्या आरम्भ की । माँ सिद्धिदात्री बर्बरीक के घोर तपस्या से प्रसन्न होकर उसे वासुदेव अस्त्र प्रदान किया । इतने से भी बर्बरीक को संतुष्टि नहीं मिली । उसने माँ सिद्धाम्बिका का तप करना शुरू किया । बर्बरीक की तपस्या से प्रसन्न होकर माँ सिद्धिअम्बिका ने उसे अपराजिता अस्त्र प्रदान किया । जिसके बाद बर्बरीक अजय हो गया । कुछ समय बाद जब कुरुक्षेत्र में कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध शुरू होने वाला था । बर्बरीक ने भी युद्ध में भाग लेने के लिए कुरुक्षेत्र की ओर प्रस्थान किया । इधर भगवान श्री कृष्ण बर्बरीक की शक्ति से भलीभांति परिचित थे । उन्हें डर था की कही बर्बरीक के कारण इस युद्ध में कौरवों की जीत न हो जाये क्योंकि बर्बरीक ने प्रतिज्ञा ली थी की वह कमजोर पक्ष से युद्ध करेगा । बर्बरीक को रोकने के उदेश्य से सर्वव्यापी श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक को रोका । यह जानकर उनकी हँसी भी उड़ायी की वह मात्र तीन बाण लेकर युद्ध में सम्मिलित होने आया है । ब्राह्मण रुपी कृष्ण की बातें सुनकर बर्बरीक ने कहा, मेरे तो एक बाण ही शत्रु सेना को परास्त करने के लिये पर्याप्त है ।

यदि मैंने सारे बाणों का प्रयोग किया तो तीनों लोकों में हाहाकार मच जाएगा ।÷ इस पर श्रीकृष्ण ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा, इस पीपल के पेड़ के सभी पत्तों में छेदकर दिखलाओ जिसके नीचे वो दोनो खड़े थे । बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार करते हुए अपने तुणीर से एक बाण निकाला । ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तों की ओर चलाया । तीर ने क्षण भर में पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया और श्रीकृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था ।तत्पश्चात बर्बरीक ने एक बाण पांडवों की शिविर की ओर चलाना चाहा लेकिन श्री कृष्ण ने धर्म की विजय के लिए सुदर्शन चक्र से बर्बरीक का सर उसके धड़ से अलग कर दिया । बर्बरीक ने श्री कृष्ण से कहा, ÷प्रभु मेरा तो मुख्य उदेश्य आपके हाथों मृत्यु प्राप्त करना था । मैंने तो आपको देखते ही पहचान लिया था और जानबूझकर आपको क्रोधित कर रहा था । बर्बरीक के इस बलिदान से प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने वरदान मांगने को कहा । बर्बरीक ने पूरा महाभारत युद्ध देखने की इच्छा जताई तो श्री कृष्ण ने युद्ध के अंत तक उसके सर को जिन्दा रहने का वरदान दिया। एक ही महाबली था जो महाभारत को खत्म कर सकता था बर्बरीक इस कथा को सुनाया जिससे ग्रामीण जन गदगद हो गए।

संपादकीय

# भारत को जवाब देना आता है

किसी देश का नेतृत्व बदलता है तो उसके साथ देश भी बदलता है, देश क नीतियां बदलती हैं।देश की नीतियों से ही पता चलता है कि देश पहले की तुलना में कितना बदला है तथा कितना बदल गया है। इस बदलाव को देश के लोग भी महसूस करते हैं तथा दुनिया के तमाम देश भी अनुभव करते हैं। पीएम मोदी कहते हैं कि देश बदल रहा है, यह नया भारत है तो लोगों को यह सच लगता है क्योंकि वह इसे होते हुए देख रहे हैं,देश का नेतृत्व मजबूत है तो उसकी मजबूती का पता उसकी नीतियों से चलता है। विरोधियों को जवाब देने के तरीके से चलता है। 2014 के बाद मोदी के नेतृत्व में देश बदल गया है, उसे उन तमाम देशों को जवाब देना आ गया है जिनके सामने देश का नेतृत्व ठीक से बात नहीं कर पाते थे। उनको पीएम मोदी जवाब देते हैं कि तुम हमारे देश व उसेक झंडे की सुरक्षा ठीक से नहीं करोगे तो हम भी तुम्हारी सुरक्षा ठीक से नहीं करेंगे। यह होता का समानता का व्यवहार। जैसे को तैसा जवाब देना। एक वक्त था जब विश्व की महाशक्तियों को देश के नेता ठीक से जवाब नहीं दे पाते थे, आज वह वक्त है कि विश्व के बड़े देशों को भारत के नेता उसके मुंह पर जवाब देते हैं। एक वक्त था जब यहां के पीएम जाकर ब्रिटेन में कहते थे हमने आपसे बहुत कुछ सीखा है। आज कुछ नेता यह उम्मीद करते हैं कि ब्रिटेन भारत के लोकतंत्र की रक्षा करेगा। वह भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए कुछ करेगा। पीए मोदी उसी देश को बताते हैं कि तुम हमारे उच्चायोग और राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा नहीं कर सकते तो हम भी तुम्हारे उच्चायोग की सुरक्षा नहीं करेंगे। यह होता है बराबरी का व्यवहार। कभी ब्रिटेन ने हमारे देश पर शासन किया है, वह बीते दिनों की बात हो गई है। अब भारत पहले वाला भारत नहीं रहा है। हाल ही में पंजाब में अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस ने पकड़ने अभियान चलाया तो ब्रिटेन में खालिस्तानियों ने भारतीय उच्चायोग में घुसकर तिरंगा उतारने की कोशिश की। वह ऐसा कर नहीं सके लेकिन उन्होने ऐसा करने की कोशिश की तो भारत ने उच्चायोग में और बड़ा तिरंगा लगा कर खालिस्तानियों को चनौती दी कि यह झंडा उतार कर दिखाओ, इसी के साथ भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग के अधिकारी को बुलाकर ब्रिटेन के भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा ठीक न करने की शिकायत की तथा जवाब में ब्रिटेन के भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा कम कर दी. यह होता है अपने देश की सुरक्षा, सम्मान की रक्षा करना तथा दुनिया को बताना कि भारत को अपने सम्मान की रक्षा करना आता है। भारत की कड़ी कार्रवाई करने पर ब्रिटेन ने भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त की है। पहले की बात कोई नहीं सुनता था, यहां के नेता अमरीका से पाकिस्तान की शिकायत करते थे कि वह भारत को परेशान कर रहा है। आज पाकिस्तान के नेता रोते हैं कि भारत के कारण उसकी हालत खराब हो गई है। पाकिस्तान गरीब देश हो गया है, वह देशों स मदद मांग रहा है तथा उसे मदद नही मिल रही है। पाकिस्तान की यह हालत पीएम मोदी ने नौ सालों में कर दी है। वह भी पाकिस्तान से बिना कोई युध्द लड़े। चीन से यहां के नेता डरते थे कि सीमा पर हम कोई निर्माण कार्य करेंगे तो चीन नाराज हो जाएगा। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में सीमा पर उतने ही काम हो रहे है जितने चीन अपने इलाके कर रहा है। चीन को पहली बार वैसा ही जवाब मिल रहा है जैसा जवाब वह पहले सोच नहीं पाता था। पीएम मोदी ने सीमा पर चीन के जितनी ही तैयारी कर चीन को सोचने पर मजबूर कर दिया है। चीन व पाकिस्तान पहले देश के नेताओं को डराते थे और नेता डर जाते थे। पाकिस्तान के भेजे आतंकवादी देश में कहीं भी बमविस्फोट कर भाग जाते थे, आज वह भारत में घुस नहीं पाते हैं, कोई घुसने की कोशिश करता है तो उसे सीमा पर ही मार दिया जाता है। आज देश को आतंकवादियों व अलगाववादियों से निपटना आता है। कोई आतंकवादी कश्मीर में कोई वारदात करता है तो उसे कुछ दिनों में ही ढूढकर मार दिया जाता है, पहले पंजाब में कोई भिंडरावाला गुरुद्वारा में घुस जाता था और पुलिस कुछ कर नहीं पाती थी। आज कोई भिंडरावाला का समर्थक अमृतपाल सिंह एक थाने पर कब्जा कर राज्य व केंद्र सरकार को चुनौती देता है तो कुछ ही दिनों में राज्य व केंद्र सरकार उसे पंजाब से भागने को मजबूर कर देते हैं। देश को आज ऐसे ही नेता की जरूरत है जो देश की सुरक्षा कर सके, देश के सम्मान की रक्षा कर सके। देश को ऐसे नेताओं की जरूरत नहीं है जो अपने देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए दूसरे देश में जाकर लोकतंत्र की रक्षा करने की अपेक्षा करें। दूसरे देश से रक्षा का अपेभा कमजोर नेता करते हैं, मजबूत नेता तो अपने देश की रक्षा हर तरह से करके दिखाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज का दिन आप शांति से बिताएंगे। दिन के आरंभ में किसी कार्य को लेकर जल्दबाजी रहेगी उसके बाद आप किसी भी काम को लेकर ज्यादा भागदौड़ करने के मूड में नही रहेंगे। सहज जितना प्राप्त होगा उसी में संतोष करेंगे। व्यवसाय में निवेश करेंगे परन्तु इसका लाभ शीघ्र नही मिल सकेगा निकट भविष्य में अवश्य ही धन दुगना होकर मिलेगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आज के दिन आप आर्थिक मामलों को लेकर संतुष्ट रहेंगे। व्यवसायी वर्ग किसी बड़ी योजना अथवा अनुबंध पर कार्य करेंगे इसका लाभ भी शीघ्र ही मिलना आरम्भ हो जाएगा। धन की आमाद आज कई स्त्रोतों से एक साथ हो सकती है इसके लिए आपको सामाजिक व्यवहारिकता भी बढ़ानी पड़ेगी। कुछ समय से चल रही आर्थिक उलझनों में कमी आएगी धन कोष में वृद्धि होगी भविष्य के लिए संचय भी कर सकेंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आपके लिए आज का दिन प्रतिकूल परिस्थितियों वाला रहेगा। घर एवं कार्य क्षेत्र पर सहयोग की कमी रहेगी। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा अधिक रहने से परिश्रम भी अधिक करना पड़ेगा फिर भी लाभ होने की जगह किसी गलती के कारण हानि उठानी पड़ेगी। मन विषय वासनाओ में अधिक भटकेगा। आज आपको लाभ पाने के लिए व्यवहार में कोमलता रखनी पड़ेगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आपका आज का दिन सुख-सौभाग्य में वृद्धि करेगा। आज आप नए संबंध बनाने के साथ ही पुरानो को भी जोड़े रखने में व्यस्त एवं सफल रहेंगे। घरेलू सुख के साधनों में वृद्धि हेतु खर्च करेंगे। आपकी मानसिकता आज अन्य लोगो से बेहतर दिखने की रहेगी जिससे कुछ लोग आपसे ईर्ष्या का भाव रख सकते है परन्तु इसका आपके व्यक्तित्त्व अथवा दिनचार्य पर कोई प्रभाव नही पड़ेगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में शुभ फल की प्राप्ति कराएगा परन्तु आज आप मन ही मन किसी गुप्त चिंता से बेचैन भी रहेंगे। बुजुर्गो का आशीर्वाद एवं पारिवारिक प्रतिष्ठा का लाभ व्यापार में मिलेगा। बाहरी लोग अन्य की अपेक्षा आपसे व्यवहार बनाना अधिक पसंद करेंगे इसका मुख्य कारण आज के दिन आपका आकर्षक व्यक्तित्त्व रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज के दिन आप बाहरी दुनिया को छोड़ अधिक समय अपने मे ही मस्त रहेंगे। आवश्यक कार्यो में लापरवाही अथवा टालमटोल करना आर्थिक हानि के साथ ही संबंधों में भी खटास ला सकता है। धार्मिक भावनाएं एवं परोपकारी स्वभाव रहते हुए भी मन से स्वार्थ सिद्धि की भावना नही जाएगी। आज आप अपना काम बनाने के लिए अत्यंत मीठे बन जायेगे इसके विपरीत अन्य लोगो के कार्य करने में उदासीनता दिखाएंगे।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से ठीक नही। कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहने से जान कर भी स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरत सकते हैं। हाथ पैरों में शिथिलता आ सकती है। गलतियां होने की संभावना भी आज अधिक है आर्थिक संबंधित अथवा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य मे किसी की सहायता अवश्य लें। आज आपकी परवाह परिजन एवं अन्य लोग कम ही करेंगे

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज के दिन आपकी किसी के साथ श्रेष्ठ बनने की होड़ रहेगी इसमे कुछ हद तक सफल तो रहेंगे लेकिन सामाजिक क्षेत्र पर आपकी गलत छवि भी बन सकती है। अहम की भावना रहने से लोग आपकी सहायता करने से कतराएंगे जिस वजह से कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य अधूरे रहने की सम्भावना है। व्यावसायिक क्षेत्र पर कुछ नए प्रयोग करेंगे परन्तु आज लाभ पुरानी योजनाओ से ही सीमित मात्रा में होगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज का दिन भी आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा परन्तु सेहत का भी विशेष ध्यान रखना होगा। दिन के आरम्भ में पूर्व निर्धारित व्यावसायिक कार्य से व्यस्त रहेंगे इसके बाद का अधिकांश समय मंदी में व्यतीत होगा संध्या से फिर व्यवसाय में तेजी आएगी भविष्य की योजना बनेगी इसके लिए पर्याप्त धन का संचय आसानी से हो जाएगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा मनोरंजन कम होगा। कार्य क्षेत्र पर काम अधिक रहने से दिनचार्य बिगड़ेगी परन्तु आर्थिक लाभ बीच-बीच मे होते रहने से खान पान का भी ध्यान नही रहेगा। सरकारी कार्यो में दौड़ धूप का सकारात्मक परिणाम मिलेगा इसके अतिरिक्त घरेलू कार्यो में भी आज आपके सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी जिससे कुछ समय के लिए परिसानी होंगी।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज का दिन भी विपरीत फलदायी रहने से आपको विवेक से हर कार्य करने की सलाह है। पारिवारिक वातावरण मधुर बनाए रखें। अधिक बोलने से बचें। किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा। आज खर्च चलाने के लिए भी किसी से उधार लेना पड़ सकता है। सेहत भी नरम ही रहेगी। धैर्य एवं मौन धारण शांति बनाने में सहायक होगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे सहकर्मी बिना बोले सहयोग करने के लिए तैयार रहेंगे। जोखिम वाले कार्य शेयर सट्टे आदि से धन कोष में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा अंत समय पर टल सकती है। आज आप मन इच्छित वस्तुओं पर आसानी से खर्च कर सकेंगे। घर मे सुख सुविधा के साधन बढ़ेंगे परिजन भी आज आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे।

# भारतीय उत्पाद निर्माण की ओर एक बड़ा कदम

**अर्थव्यवस्था**

**पीयूष गोयल**

प्राचीन काल से चली आ रही भारतीय वस्त्रों की समृद्ध परंपरा, एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है, जो देश को एक वैश्विक निवेश, विनिर्माण और निर्यात केंद्र बना देगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सात पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के निर्माण की घोषणा की है। ये मेगा टेक्सटाइल पार्क 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय से निर्मित किए जाएंगे। इस क्षेत्र की अवसंरचना के लिए, यह अब तक की सबसे बड़ी पहल होगी।

प्रधानमंत्री के 5एफ विजन (खेत से फाइबर से फैक्टरी से फैशन से विदेश तक) से प्रेरित होकर, पीएम मित्र पार्क योजना; आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल पहल को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मेगा पार्क इस क्षेत्र को 2030 तक 250 बिलियन डॉलर के कारोबार और 100 बिलियन डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेंगे।

मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र में व्यापक बदलाव करेंगे और प्रत्येक स्थल पर विश्व स्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक अवसंरचना और एकीकृत मूल्य श्रृंखला की मदद से वैश्विक चैंपियन तैयार करेंगे। निर्माण और विकास करने वाली एक प्रमुख कंपनी का चयन किया जाएगा, जो पीएम मित्र पार्क की डिजाइन, योजना, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार होगी। यह उद्योग के लिए एक बड़ी छलांग है, क्योंकि मूल्य श्रृंखला वर्तमान में पूरे देश में बिखरी हुई है, जो श्रृंखला के प्रत्येक संपर्क-बिंदु पर लागत और विलंब में वृद्धि करती है।भारतीय उद्योग विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन जायेंगे, क्योंकि पार्क उत्पादन बढ़ाने, लागत में कटौती करने, दक्षता में सुधार करने और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्रों व परिधानों की आपूर्ति में मदद करेंगे। ये मेगा पार्क रोजगार के लगभग 20 लाख प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष अवसरों का सृजन करेंगे और अनुमानित 70,000 करोड़ रुपये के घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करेंगे। ये मेगा पार्क शून्य द्रव रिसाव, साझा अपशिष्ट शोधन संयंत्र, उत्सर्जन मुक्त नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों को अपनाने के साथ, सतत विकास के शानदार उदाहरण होंगे। ये मेगा पार्क ऐसे उत्पादों के निर्माण करने के प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप हैं जिनमें कोई खामी न हो और पर्यावरण पर जिनका कोई दुष्प्रभाव न हो।

यह रेखांकित करना प्रासंगिक है कि सदियों से, भारतीय वस्त्रों ने वैश्विक पहचान बनाई है, लेकिन दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों द्वारा इस क्षेत्र को काफी अनदेखा किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता थी, जिसके तहत वस्त्र क्षेत्र के लिए पीएम मित्र योजना शुरू की गयी है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य आधारों में से एक- वस्त्र क्षेत्र, भारतीय निर्यात का एक अहम हिस्सा है और इस क्षेत्र में साधारण किसानों से लेकर शहर के संपन्न निवासियों व व्यापार जगत के अग्रणी लोग तक शामिल हैं। वस्त्र क्षेत्र लाखों लोगों के लिए आजीविका का स्रोत है।

पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सात मेगा पार्कों का चयन किया गया, जिन्हें पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टरप्लान द्वारा मान्यता दी गयी थी। यह सहयोगी संघवाद का एक और उदाहरण है, क्योंकि केंद्र और संबंधित राज्य, दोनों ही विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीवी) के भागीदार होंगे, जो इन मेगा पार्कों की स्थापना और प्रबंधन करेंगी। इन पार्कों की स्थापना हेतु राज्य सरकारें कम से कम 1,000 एकड़ भूमि उपलब्ध करायेंगी। राज्य सरकारें उत्पादन प्रक्रिया के सुचारु संचालन एवं व्यापार करने में आसानी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनुकूल व स्थिर नीतिगत व्यवस्था के साथ-साथ बिजली एवं पानी की आपूर्ति तथा कचरे के निपटारे की एक भरोसेमंद व्यवस्था तथा एकल खिड़की मंजूरी की एक कारगर सुविधा भी प्रदान करेंगी।

इन मेगा पार्कों में उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे एवं प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के साथ-साथ वस्त्र उद्योग के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संबंधी सहायता भी उपलब्ध होंगी। ये पार्क एक ऐसा अनूठा मॉडल पेश करेंगे जहां केन्द्र और राज्य सरकारें निवेश बढ़ाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजित करने और वस्त्र के क्षेत्र में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाने हेतु मिलकर काम करेंगी।

वस्त्र उद्योग ने सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल के प्रति उत्साहवर्द्धक प्रतिक्रिया दी है। सरकार द्वारा यह पहल सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद शुरू की गई है। सीआईआई और फिक्की जैसे शीर्ष उद्योग संगठनों के साथ-साथ वस्त्र क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योग संघों ने पीएम मित्र मेगा पार्कों की स्थापना की घोषणा की सराहना की है।उद्योग संगठनों ने यह उम्मीद व्यक्त की है कि अपेक्षाकृत कम लॉजिस्टिक्स लागत, आधुनिक बुनियादी ढांचा, वैश्विक स्तर पर व्यापार की संभावनाएं और केन्द्र एवं राज्य सरकारों की सहायक नीतियां भारतीय वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगी और भारतीय व विदेशी उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करायेंगी। वस्त्र मंत्रालय इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा। मंत्रालय प्रत्येक पार्क के एसपीवी को विकास हेतु पूंजीगत सहायता के रूप में ग्रीनफील्ड पार्कों के लिए 500 करोड़ रुपये और ब्राउनफील्ड पार्कों के लिए 200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा, वह कार्यान्वयन को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक पार्क में स्थित इकाइयों को 300 करोड़ रुपये तक की राशि प्रदान करेगा। यह कदम अतिरिक्त प्रोत्साहन देने हेतु अन्य सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय की सुविधा भी प्रदान करेगा।

पीएम मित्र के प्रावधान वैसे मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के साथ सामंजस्य बिठाते हैं, जो विकसित बाजारों में हमारे भारतीय वस्त्रों, परिधानों तथा कई अन्य क्षेत्रों के लिए व्यापार की संभावनाओं को बेहतर बनाते हैं। भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और कनाडा, ब्रिटेन एवं यूरोपीय संघ के साथ इस संबंध में बातचीत कर रहा है। इन प्रयासों से भारतीय वस्त्रों को लाभकारी विकसित बाजारों में अपनी पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी और वस्त्र एवं परिधान के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

भारत की गिनती पहले ही दुनिया के सबसे बड़े वस्त्र एवं परिधान निर्यातक देशों में से एक के रूप में होती है। लेकिन अब जबकि देश 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक एवं दूरदर्शी नेतृत्व में एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, अमृत काल में हमारी आकांक्षा दुनिया का सबसे बड़ा वस्त्र निर्यातक देश बनने की है। पीएम मित्र के जरिए हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**(लेखक, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता हैं)**

# सवालों के घेरे में हैं खुशहाल देशों की रैंकिंग

**चर्चित मुद्दा**

**ललित गर्ग**



साल 2023 के लिए 'ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स' जारी कर दिया गया है, जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि तीन अंकों का सुधार करके भारत इसमें 136वें स्थान पर पहुंचा है, जो आश्चर्यकारी है। इस सूची को जारी करने में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह दिखाई देता है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान 103वें स्थान पर है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि शीर्ष 20 देशों की सूची में एशिया का एक भी देश शामिल नहीं है। कुछ ऐसी ही विडंबनाएं एवं विसंगतियां भी हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। चीन में लोगों को धार्मिक-आर्थिक आजादी भी सही ढंग से नहीं मिली है, पर वह 82वें स्थान पर है। नेपाल 85वें, तो बांग्लादेश 99वें स्थान पर है। आर्थिक रूप से बदहाल श्रीलंका 126वें स्थान पर है। ऐसे में, भारत की 136वीं रैंकिंग किसी को अचंभित कर सकती है, इस आकलन की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े कर सकती है। हैप्पीनेस इंडेक्स में किसी देश की स्थिति जानने के लिए उसकी जीडीपी, वहां जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा का देखा जाता है। इस साल में रैंकिंग में 150 से ज्यादा देशों के इन डाटा का अध्ययन करने के बाद सूची तैयार की गई है। इस बार 2020 से 2022 तक देशों के औसत जीवन मूल्यांकन के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। दो अन्य मोर्चों पर खुशहाली को मापने की कोशिश हुई है जिसमें भारत की इतनी बुरी हालात को नहीं दर्शाया गया है।

फिर भी एक बड़ा सवाल है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। वैसे इस सूचकांक के अलावा भी जो दो अन्य सर्वे जारी हुए हैं, जिनमें एक कंसल्टिंग फर्म हैप्पीप्लस की 'द स्टेट ऑफ हैप्पीनेस 2023' रिपोर्ट के अनुसार, देश में करीब 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 2022 में नकारात्मकता और दुख का अनुभव किया है, यानी 65 प्रतिशत भारतीय लोग अपेक्षाकृत खुश हैं। यह रिपोर्ट 36 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों के 14 हजार लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर तैयार की गई है। एक अन्य सर्वे भी है, जिसके अनुसार, भारत में कम से कम 84 प्रतिशत लोगों ने खुश होने का दावा किया है। जीवन संतुष्टि पर आधारित यह 'इप्सोस ग्लोबल हैप्पीनेस सर्वे' बताता है कि दुनिया भर में 73 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं। वैसे दुख या खुशी एक ऐसी अवस्था है, जिस पर किसी सर्वे के जरिये एकमत नहीं हुआ जा सकता। फिर भी, ऐसी सूचियों से सकारात्मक प्रेरणा लेते हुए प्रसन्न समाज की संरचना के लिये तमाम तरह के प्रयास करने में ही भलाई है।

खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है। रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता का व्यूह मजबूत होता गया है, खुशी एवं प्रसन्न जीवन का लक्ष्य अधूरा ही रहा है, इनसे बाहर निकलना असंभव-सा होता जा रहा है। दूषित और दमघोंटू वातावरण में आदमी अपने आपको टूटा-टूटा सा अनुभव कर रहा है। आर्थिक असंतुलन, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार उसकी धमनियों में कुत्सित विचारों का रक्त संचरित कर रहा है। ऐसे जटिल हालातों में इंसान कैसे खुशहाल जीवन जी सकता है? इन गहन अंधेरों से बाहर निकलते हुए विगत एक दशक में सरकारों के कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद झलका है, कोरोना महामारी से निपटने में भी वर्तमान सरकारों की सकारात्मक भूमिका रही है। इसी से एक और खास बात सामने आयी है वह यह है कि तीन साल की महामारी का समग्रता में भारत की खुशी पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है।

भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 136वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 55 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। खुश देशों की सूची में दूसरे स्थान रहे डेनामार्क में 58.6 लाख लोग रहते हैं, तीसरे स्थान पर रहे देश आइसलैंड में तो महज 3.73 लाख लोग होते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है।

खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं कंकाली दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति एवं समाज खुशहाल नहीं हो सकता।

# मैं नास्तिक क्यों हूं?

**आशीष ठाकुर**

यह लेख भगत सिंह ने जेल में रहते हुए लिखा था और यह 27 सितम्बर 1931 को लाहौर के अखबार द पीपल में प्रकाशित हुआ था। इस लेख में उन्होंने ईश्वर कि उपस्थिति पर अनेक तर्कपूर्ण सवाल खड़े किये हैं और संसार के निर्माण, मनुष्य के जन्म, मनुष्य के मन में ईश्वर की कल्पना के साथ मनुष्य की दीनता, उसके शोषण, व्याप्त अराजकता और और वर्गभेद की स्थितियों का भी विश्लेषण किया है। स्वतन्त्रता सेनानी बाबा रणधीर सिंह 1930-31 के बीच लाहौर के सेन्ट्रल जेल में कैद थे। वे एक धार्मिक व्यक्ति थे जिन्हें यह जान कर बहुत कष्ट हुआ कि भगत सिंह का ईश्वर पर विश्वास नहीं है। वे किसी तरह भगत सिंह की कालकोठरी में पहुंचने में सफल हुए और उन्हें ईश्वर के अस्तित्व पर यकीन दिलाने की कोशिश की। असफल होने पर बाबा ने नाराज होकर कहा, प्रसिद्धि से तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है और तुम अहंकारी बन गए हो जो कि एक काले पर्दे के तरह तुम्हारे और ईश्वर के बीच खड़ी है। इस टिप्पणी के जवाब में ही भगत सिंह ने यह लेख लिखा था। आज से इस विस्तृत लेख को क्रमशः प्रस्तुत किया जा रहा है।- आशीष सिंह)

एक नया प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। क्या मैं किसी अहंकार के कारण सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी तथा सर्वज्ञानी ईश्वर के अस्तित्व पर विश्वास नहीं करता हूं? मेरे कुछ दोस्त शायद ऐसा कहकर मैं उन पर बहुत अधिकार नहीं जमा रहा हूं मेरे साथ अपने थोड़े से सम्पर्क में इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिये उत्सुक हैं कि मैं ईश्वर के अस्तित्व को नकार कर कुछ जरूरत से ज्यादा आगे जा रहा हूं और मेरे घमण्ड ने कुछ हद तक मुझे इस अविश्वास के लिये उकसाया है। मैं ऐसी कोई शेखी नहीं बघारता कि मैं मानवीय कमजोरियों से बहुत ऊपर हूं। मैं एक मनुष्य हूं, और इससे अधिक कुछ नहीं। कोई भी इससे अधिक होने का दावा नहीं कर सकता। यह कमजोरी मेरे अन्दर भी है। अहंकार भी मेरे स्वभाव का अंग है। अपने कामरेडो के बीच मुझे निरंकुश कहा जाता था। यहां तक कि मेरे दोस्त श्री बटुकेश्वर कुमार दत्त भी मुझे कभी-कभी ऐसा कहते थे। कई मौकों पर स्वेच्छाचारी कह मेरी निन्दा भी की गयी। कुछ दोस्तों को शिकायत है, और गम्भीर रूप से है कि मैं अनचाहे ही अपने विचार, उन पर थोपता हूं और अपने प्रस्तावों को मनवा लेता हूं। यह बात कुछ हद तक सही है। इससे मैं इनकार नहीं करता। इसे अहंकार कहा जा सकता है। जहां तक अन्य प्रचलित मतों के मुकाबले हमारे अपने मत का सवाल है। मुझे निश्चय ही अपने मत पर गर्व है। लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं है। ऐसा हो सकता है कि यह केवल अपने विश्वास के प्रति न्यायोचित गर्व हो और इसको घमण्ड नहीं कहा जा सकता। घमण्ड तो स्वयं के प्रति अनुचित गर्व की अधिकता है। क्या यह अनुचित गर्व है, जो मुझे नास्तिकता की ओर ले गया? अथवा इस विषय का खूब सावधानी से अध्ययन करने और उस पर खूब विचार करने के बाद मैंने ईश्वर पर अविश्वास किया?

मैं यह समझने में पूरी तरह से असफल रहा हूं कि अनुचित गर्व या वृथाभिमान किस तरह किसी व्यक्ति के ईश्वर में विश्वास करने के रास्ते में रोड़ा बन सकता है? किसी वास्तव में महान व्यक्ति की महानता को मैं मान्यता न दूं यह तभी हो सकता



है, जब मुझे भी थोड़ा ऐसा यश प्राप्त हो गया हो जिसके या तो मैं योग्य नहीं हूं या मेरे अन्दर वे गुण नहीं हैं, जो इसके लिये आवश्यक हैं। यहां तक तो समझ में आता है। लेकिन यह कैसे हो सकता है कि एक व्यक्ति, जो ईश्वर में विश्वास रखता हो, सहसा अपने व्यक्तिगत अहंकार के कारण उसमें विश्वास करना बन्द कर दे? दो ही रास्ते सम्भव हैं। या तो मनुष्य अपने को ईश्वर का प्रतिद्वन्द्वी समझने लगे या वह स्वयं को ही ईश्वर मानना शुरू कर दे। इन दोनों ही अवस्थाओं में वह सच्चा नास्तिक नहीं बन सकता। पहली अवस्था में तो वह अपने प्रतिद्वन्द्वी के अस्तित्व को नकारता ही नहीं है। दूसरी अवस्था में भी वह एक ऐसी चेतना के अस्तित्व को मानता है, जो पर्दे के पीछे से प्रकृति की सभी गतिविधियों का संचालन करती है। मैं तो उस सर्वशक्तिमान परम आत्मा के अस्तित्व से ही इनकार करता हूं। यह अहंकार नहीं है, जिसने मुझे नास्तिकता के सिद्धान्त को ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया। मैं न तो एक प्रतिद्वन्द्वी हूं, न ही एक अवतार और न ही स्वयं परमात्मा। इस अभियोग को अस्वीकार करने के लिये आइए तथ्यों पर गौर करें। मेरे इन दोस्तों के अनुसार, दिल्ली बम केस और लाहौर षडयन्त्र केस के दौरान मुझे जो अनावश्यक यश मिला, शायद उस कारण मैं वृथाभिमानी हो गया हूं।

## सेहत: मच्छर के काटने से बचने के लिए घर पर बनाएं मॉस्किटो स्प्रे

घर के अंदर और बाहर सबसे अधिक सताने वाले कीटों में से एक मच्छर हैं। इनके काटने से जीका वायरस, डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं। हालांकि, बाजार में मच्छर मारने के लिए कई स्प्रे उपलब्ध हैं, लेकिन वह फेफड़ों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके बजाय आपको मच्छर से बचने के लिए घर पर भी मॉस्किटो स्प्रे बनाना चाहिए। आइए आज हम आपको घर पर ही मॉस्किटो स्प्रे बनाने की प्रक्रिया बताते हैं।

**नीम और नारियल तेल का स्प्रे**-एंटीसेप्टिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम में तेज गंध होती है, जो मच्छरों को दूर रखती है। वहीं नारियल के तेल में पाए जाने वाले फैटी एसिड मच्छरों को दूर भगाने में मददगार है। लाभ के लिए नीम के तेल को नारियल के तेल में मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे की बोतल में भर लें। इसके साथ ही उबला हुआ पानी और विच हेजल भी बोतल में डालकर मिश्रण को अच्छे से मिलाएं।

**वेनिला, नींबू का रस और लैवेंडर ऑयल का स्प्रे**-लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की महक हमारे लिए सुखदायक हो सकती है, लेकिन मच्छरों के लिए नहीं। इसमें लिनालूल, लिमोनेन, कपूर और नीलगिरी जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, जो मच्छरों को दूर भगाते हैं। इसके अलावा नींबू की अम्लीय प्रकृति भी मच्छरों को दूर रखने में मदद करती है। लाभ के लिए लैवेंडर ऑयल में वेनिला एसेंस मिलाएं और फिर उसमें नींबू का रस और आसुत जल डालकर मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर इस्तेमाल करें।

**सेब का सिरका और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल का स्प्रे**-आसपास के मच्छर भगाने के लिए सेब के सिरके की महक भी काफी प्रभावी है। यदि आप इसका नियमित रूप से सेवन करते हैं तो आपके शरीर की प्राकृतिक गंध बदल जाएगी, जो मच्छरों को दूर रखने में मदद करेगी। मॉस्किटो स्प्रे बनाने के लिए सेब के सिरके को थोड़े से पानी के साथ मिलाएं और फिर उसमें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर आवश्यकतानुसार इस्तेमाल करें।

**दालचीनी का तेल और पानी का स्प्रे**-दालचीनी के तेल में यूजेनॉल, सिनामाइल एसीटेट, एनेथोल और सिनामाल्डिहाइड जैसे शक्तिशाली यौगिक मौजूद होते हैं। इस कारण यह मच्छर को मारने में मददगार है। ताइवान में हुए एक अध्ययन के अनुसार, दालचीनी का तेल मच्छरों के अंडों को मारने में प्रभावी रहा है। लाभ के लिए दालचीनी के तेल की लगभग 24 बूंदों को पानी में मिलाएं और फिर इसे एक स्प्रे बोतल में डाल दें।

# गौठान में साग-सब्जी की खेती है महिलाओं की आय का जरिया

## लखनपुरी के गौठान में महिलाएं कर रही है टमाटर की खेती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 24 मार्च।** जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में गौठान बनाए गये हैं, जहां पर गोधन न्याय योजनांतर्गत गोबर की खरीदी की जा रही है, जिससे वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में गांव की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी अपना हाथ बंटा रही है। उनके द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की छनाई के अलावा गौठान की भूमि में सब्जी-भाजी की खेती भी किया जा रहा है, जो उनकी अतिरिक्त आमदनी का जरिया बना हुआ है। चारामा विकासखण्ड के आदर्श गौठान लखनपुरी में वैष्णवी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा



गौठान की जमीन पर सब्जी-भाजी की खेती की जा रही है, जो उनकी अतिरिक्त आमदनी का जरिया बना हुआ है। उनके द्वारा गौठान के जमीन में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है, इसके अलावा वर्तमान में टमाटर, बैंगन एवं भिण्डी की फसल लगाई गई है। टमाटर एवं बैंगन का उत्पादन हो रहा है, जिसे स्थानीय हाट-बाजारों के अलावा आश्रम-छात्रावासों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में विक्रय किया जा रहा है। स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष श्रीमती मंजू सेन एवं सचिव श्रीमती नंदिनी यादव ने बताया कि गौठान के जमीन पर उनके समूह की महिलाओं द्वारा साग-सब्जी की खेती किया जा रहा है, पहले लगभग 30 क्विंटल मूली बेचा गया है, जिससे 25 हजार रुपये की आमदनी हुई है। वर्तमान में टमाटर एवं बैंगन की फसल लगाई गई है, लगभग 10 हजार रुपये का टमाटर और 05 से 06 हजार रुपये का बैंगन बेचा जा चुका है और अभी भी विक्रय किया जा रहा है, जिससे अच्छी आमदनी होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि समूह की महिलाओं द्वारा फेंसिंग पोल भी बनाया गया था, जिसके विक्रय से उन्हें 05 लाख 50 हजार रुपये की आमदनी हुई है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने आज उक्त गौठान का निरीक्षण किया एवं महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और उन्हें आयवर्धक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। सब्जी-भाजी में टमाटर, बैंगन की फसल लेने के अलावा मिर्च, करेला इत्यादि की भी फसल लेने के लिए भी समझाइश दी, ताकि अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

## एक नजर

### गोंडी भाषा में मानक शब्दकोष निर्माण करने तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**दंतेवाड़ा, 24 मार्च।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत पोटाकेबिन हीतामेटा में 18 मार्च से 20 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय गोंडी भाषा के शब्दकोश निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा गोंडी भाषा का उपयोग करने वाले पांच अन्य राज्य आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से कुल 28 प्रतिभागी एवं जिले से 35 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यशाला में मुख्य रूप से गोंडी भाषा के लिए मानक शब्दकोश निर्माण हेतु प्रयास किया गया। इन 6 राज्यों में गोंडी भाषा बोली जाती है। सभी राज्यों में हिंदी भाषा के किसी शब्द विशेष के लिए अलग-अलग शब्दों का प्रयोग करते हैं। जब तक हम गोंडी भाषा के शब्दों का मानकीकरण ना करें तब तक गोंडी भाषा में पत्र-पत्रिका, साहित्य प्रकाशित नहीं किया जा सकता। इस प्रकार के प्रयास करने के लिए सीजीनेटस्वर फाउंडेशन के श्री शुभ्रांशु चौधरी एवं उनके सहयोगी टीम के द्वारा दो मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया, इसके माध्यम से हिंदी भाषा के शब्दों का विभिन्न राज्यों में गोंडी भाषा में क्या बोला जाता है, उस शब्द के संग्रह का कार्य किया गया। दक्षिण बस्तर से बीजापुर एवं दंतेवाड़ा जिले के शिक्षकों, समाजसेवी एवं समुदाय के लोगों से शब्दों का संग्रह किया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक श्री एस एल सोरी, सहायक परियोजना समन्वयक श्री सिकंदर खान, श्री बुधराम कोवासी, श्री राजेंद्र पांडेय, सहित प्राचार्य हितामेता, अधीक्षक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिकाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**दन्तेवाड़ा, 24 मार्च।** जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. आर. पुजारी के निर्देश पर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नियमित टीकाकरण के अंतर्गत उन्मुखीकरण टीकाकरण में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका टीका रोधक बीमारियों का परिचय राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी का विस्तृत रूप से चर्चा एवं टीकाकरण के लिए शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नियमित टीकाकरण के शुद्धीकरण हेतु कोल्डचेन पॉइंट का बेहतर रूप से प्रबंधन तथा टीकाकरण के पश्चात होने वाले प्रतिकूल घटनाएं से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी दी साथ ही वीएचएसएनडी के दौरान नियमित रूप से बच्चों का टीकाकरण सारणी अनुसार करने तथा छूटे हुए बच्चों की सूची तैयार कर मितानिन के माध्यम से शत् प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस. मंडल, जिला आरएमएमसीएच सलाहकार श्री अंकित सिंह, एस एम ओ डब्ल्यू एच ओ बस्तर संभाग डॉक्टर मीनल यूनिसेफ, जिला सलाहकार डॉ पायल मिश्रा उपस्थित थे।

### केआरसी लेवल-3 का प्रशिक्षण प्रतिभागियों का दिया गया

**धमतरी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं दक्ष फाउंडेशन जबलपुर के सहयोग से आज केआरसी लेवल 3 प्रशिक्षण के चौथे दिन 30 ग्राम के 60 पंचायत के हितधारकों को गृहकार्य के रूप में अपने ग्रामो की कार्ययोजना तैयार करने का लक्ष्य दिया गया एवं उसकी प्रस्तुति हेतु समय सीमा का निर्धारण किया गया। कुरुद एवं मगरलोड विकासखंड के प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने ग्राम की कार्ययोजना प्रस्तुत की गयी। ग्राम में व्याप्त संसाधनों का मानचित्रण व आवश्यकता अनुरूप जल स्त्रोतों के संवर्धन व संरक्षण पर समझ विकसित की गयी। इस अवसर पर आवासीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों द्वारा उनके विचार व फीडबैक लिए गए। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति रोक्तिमा यादव द्वारा जल जीवन मिशन के उद्देश्यों व रख रखाव पर विशेष महत्व एवं भूमिका समझाकर प्रतिभागियों को तकनीकी चीजों, जल के महत्व, जल के विवेकपूर्ण उपयोग, वीडब्ल्यूएससी जल बहिनियों की भूमिका तथा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया। वेस्ट वाटर एवं ग्रे वाटर प्रबंधन पर उपस्थित पंचायत के हितधारकों से अपील की। कार्यक्रम में उपखण्ड कुरुद से सहायक अभियंता श्री गजेंद्र, उपखण्ड धमतरी से श्रीमती रुक्मिणी सिंह सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जल जीवन मिशन के समन्वयक इत्यादि मौजूद रहे।

### नवरात्रि में देवालयों में भीड़ की वजह से सुरक्षा के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

**धमतरी 24 मार्च।** चैत्र नवरात्रि का पर्व 22 मार्च से शुरू हो गया है और आगामी 30 मार्च को रामनवमी मनाया जाएगा। इस अवसर पर देवालयों में विशेष ज्योति कलश स्थापित की जाती है और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके मद्देनजर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने मंदिरों में विशेष भीड़ होने की वजह से उक्त स्थनों में पूरे त्यौहार अवधि के लिए सुरक्षा एवं कानून दृष्टिगत से कार्यपालिक दण्डाधिकारी की ड्यूटी लगाई है। धमतरी तहसीलदार श्री तारसिंह खरे की ड्यूटी विंध्यवासिनी माता मंदिर धमतरी में लगाई गई है।

# कलेक्टर ने किया विभिन्न विकास कार्यों एवं गौठान का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 24 मार्च।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने आज चारामा एवं कांकेर विकासखण्ड में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों एवं गौठान का निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने के लिए एसडीएम चारामा राकेष गोलछा तथा जनपद सीईओ चारामा जी.एस. बढ़ई एवं जनपद सीईओ कांकेर अष्विनी यादव को निर्देषित किया।

चारामा विकासखण्ड के ग्राम तेलगरा में मेडिकल कॉलेज कांकेर के भवन का निर्माण किया जायेगा, जिसके लिए जिला प्रषासन द्वारा लगभग 80 एकड़ भूमि चिन्हांकित किया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने आज उक्त स्थल का निरीक्षण किया। उक्त स्थल में बांस के पौधों लगे हुए हैं, जिसकी कटाई शुरू करने के लिए वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कोरर आर.एस. मण्डावी तथा चारामा के वन परिक्षेत्र अधिकारी टी.आर. सिन्हा को निर्देषित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी चारामा राकेष गोलछा भी मौजूद थे। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज गुरूवार को षासकीय आयुर्वेद औषधालय लखनपुरी



एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा का भी निरीक्षण किया एवं अस्पताल में भर्ती मरीजों तथा दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और मरीजों से बातचीत कर उनके उपचार के संबंध में पूछताछ किया। लखनपुरी आयुर्वेद औषधालय के चिकित्सक को निर्देषित करते हुए उन्होंने कहा कि ''सियान जतन'' कार्यक्रम सहित आयुर्वेद चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावे, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों। मरीजों के उपचार के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने प्रतिदिन की ओपीडी बढ़ाने के निर्देष भी दिये।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा के निरीक्षण के दौरान शिकायत पेटी का भी अवलोकन किया एवं प्राप्त सुझावों पर कार्यवाही करने के लिए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये। अस्पताल में भर्ती मरीज एवं उनके उपचार और दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी भी ली गई। दंत चिकित्सक डॉ. पम्पी षर्मा को निर्देषित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजनांतर्गत आयोजित किये होने वाले स्वास्थ्य षिविरों में प्रति सप्ताह कम से कम तीन हाट-बाजारों में दंत रोगी मरीजों का उपचार करें और चारामा विकासखण्ड अंतर्गत कोई ऐसा गांव बनायें, जहां कोई भी व्यक्ति दांत की समस्या से पीड़ित न हो।

कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम जैसाकर्रा के ग्राम पंचायत भवन में आयुष्मान कार्ड के पंजीयन कार्य का निरीक्षण किया एवं पंजीयन में होने वाले दिक्कतों के संबंध में पूछताछ की। बताया गया कि ग्राम जैसाकर्रा में 02 हजार 595 व्यक्तियों का आयुष्मान पंजीयन किया जा चुका है तथा 309 लोगों का पंजीयन किया जा रहा है, आज 08 व्यक्तियों का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत भवन में संचालित उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण किया तथा उपभोक्ताओं को राशन वितरण की जानकारी ली। सेल्समेन द्वारा गांव में 770 राषन कार्डधारी उपभोक्ता होने एवं 503 लोगों को राशन का वितरण होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा पूछे जाने पर दो महीने का एकमुश्त खाद्यान्न भंडारण होने के संबंध में भी जानकारी दिया गया।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने चारामा विकासखण्ड में निर्माणाधीन सामुदायिक भवनां, पीडीएस दुकान एवं गौठान तथा कांकेर विकासखण्ड के गांधीग्राम कुलगांव के गौठान का भी निरीक्षण किया। चारामा विकासखण्ड के ग्राम लखनपुरी में 10 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं ग्राम पंडरीपानी में 20 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन पीडीएस भवन का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देष दिये। कांकेर विकासखण्ड के गांधीग्राम कुलगांव में अंडा उत्पादन इकाई, मसाला प्रसंस्करण केन्द्र एवं मिनी राइस मिल का निरीक्षण किया तथा गांधीग्राम में प्रशिक्षण प्रारंभ करने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

## समाचार संक्षेप

### रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना




**उत्तर बस्तर कांकेर 24 मार्च।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय सिंगारभाट कांकेर के छात्र-छात्राएं को आठ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु अधिष्ठाता डॉ.नितिन रस्तोगी, डॉ.जीवन सलाम, इंजीनियर गंगाधर और डॉ.नरेन्द्र राना के द्वारा रवाना किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था, पूसा न्यू दिल्ली, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, कुफरी शिमलाय आईसीएआर-डीएमआर चंबाघाट सोलन आदि जगह पर भ्रमण कर उन्नत कृषि से संबंधित अनुसंधान के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। ज्ञात हो कि शैक्षणिक भ्रमण प्रत्येक वर्ष तृतीय वर्ष द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए विषय के अंतर्गत आयोजित किया जाता है। भ्रमण के दौरान छात्रों के मार्गदर्शन के लिए डॉ. पीयूष कांत नेताम और अंशुमाला कुजूर साथ रहेंगे।

### अवैध रेत उत्खनन, परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई



**दंतेवाड़ा, 24 मार्च।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत तहसीलदार बारसूर के द्वार अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन करने वाले एक टीप्पर (टाटा) वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने पर ग्राम छिंदनार प.ह.न. 03 रा.नि.म. बारसूर तहसील स्थित इंद्रावती नदी से रेत उत्खनन कर अवैध परिवहन में लगे वाहन छोटा टीप्पर वाहन नम्बर सीजी 18 एन. 2640 वाहन चालक गोलू यादव को गुमड़ा से जब्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही की गई।

### जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम इच्छापुर में विश्व जल दिवस मनाया गया

**उत्तर बस्तर कांकेर 24 मार्च।** जल जीवन मिशन अंतर्गत



जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कांकेर एवं प्रमुख संसाधन केंद्र जल सेवा चैरिटेबल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विकासखण्ड कांकेर के ग्राम इच्छापुर में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य एवं कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष राजेश भास्कर, मुख्य अतिथि पीएचई खंड कांकेर के कार्यपालन अभियंता एसपी मंडावी, विशेष अतिथि ग्राम पंचायत इच्छापुर के सरपंच प्रतिमा तेता की उपस्थिति में की गई। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर कला जत्था के माध्यम से जल जीवन मिशन के उद्देश्यों एवं जल के महत्व पर नुक्कड़ नाटक एवं जल गीत के माध्यम से जन समुदाय को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वाटर एड इंडिया कांकेर के जिला समन्वयक अजहर कुरैशी ने जन समुदाय को बताया कि जल का संरक्षण कर भूमिगत जल स्त्रोत का स्तर को बढ़ाना होगा, तब हमें शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि इच्छापुर गांव फ्लोराइड प्रभावित ग्राम हैं, यहां पर गहन शोध कर तेजपुर विश्वविद्यालय असम के विशेष सहयोग से फ्लोराइड जल शोधन संयंत्र स्थापित किया गया हैं, जिससे आप लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा हैं। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जनपद सदस्य एवं कृषि उपज मंडी समिति कांकेर के अध्यक्ष श्री राजेश भास्कर ने जल की निकट समस्या से अवगत कराते हुए लोगों को बताया कि वास्तव में कलमूचे गांव के लोग पानी का असली महत्व को समझ रहे हैं और पानी बचाने के लिए कार्य कर रहे हैं, हमें भी जल संरक्षण, संवर्धन करना चाहिए। इसके पूर्व उपखण्ड कांकेर के सहायक अभियंता राजेश हिरकने ने कहा कि हम दूषित जल के सेवन करते हैं, तो विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होते हैं। जन समुदाय को अजहर कुरैशी के द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति शपथ ग्रहण करवाया गया। तत्पश्चात स्लोगन एवं नारों के माध्यम से रैली निकालकर विश्व जल दिवस का संदेश देते हुए गांव का भ्रमण किया तथा तालाब के आसपास साफ सफाई कर पौधारोपण किया गया, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जल जीवन मिशन जिला नोडल अधिकारी नवीन कुमार साहू, डिस्ट्रिक्ट एसोसिएट शिवा रेड्डी, जिला समन्वयक सुश्री ज्योति शांडिल्य, सुश्री निशा वामन, श्रीकुमार सिंह तोप्पा, छत्रपाल साहू, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक नूतन, समस्त वार्ड पंच, गायता, पटेल, प्राचार्य, शिक्षक, वाटर ऐड इंडिया एनजीओ के सदस्य अरुण जैन, तिलक जैन, नरेंद्र सहारे एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### अभयारण्य क्षेत्र के ग्रामीणों की मूलभूत मांगों व समस्याओं को लेकर हुई द्विपक्षीय वार्ता

**धमतरी।** नगरी विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित ग्राम रिसगांव, करही, खल्लारी एवं फरसगांव सहित विभिन्न गांवों के ग्रामीणों की विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर आज कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी द्वारा गठित समिति और ग्रामीणों के मध्यम द्विपक्षीय वार्ता जनपद पंचायत नगरी के सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों की विभिन्न बिंदुओं पर आधारित मांगों व समस्याओं पर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष एवं संयुक्त कलेक्टर श्री ऋषिकेश तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से सकारात्मक वार्ता कर नियमानुसार जिला स्तर पर तथा कलेक्टर की अनुशंसा से शासन स्तर पर समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में सार्थक प्रयास करने की बात कही। आज दोपहर 12.00 बजे से जनपद पंचायत नगरी के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अभयारण्य संघर्ष समिति के सदस्यों के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के एजेण्डे पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को बताया गया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र रिसगांव में स्वास्थ्य कार्यकर्ता का एक पद रिक्त है। इस पर समिति के अध्यक्ष ने कहा कि एक स्थानीय ए.एन.एम. की संविदा नियुक्ति शीघ्र की जाएगी। बाइक एम्बुलेंस की मांग पर उसकी उपयोगिता का परीक्षण कर इसकी स्वीकृति के लिए भी सकारात्मक निर्णय समिति द्वारा लिया गया। वन विभाग के विषय पर चर्चा करते हुए बताया गया कि चूंकि उक्त क्षेत्र अभयारण्य में स्थित होने के कारण कोर एरिया में आता है, इसलिए अनेक कार्यों की अनुमति के लिए केन्द्र शासन की अनुमति लेना अनिवार्य है।

# जल जीवन मिशन की संकल्पना से हर घर जल का सपना हो रहा साकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा, 24 मार्च।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अति महत्वपूर्ण नल जल योजना लाई गई है योजना के तहत पानी टंकी निर्माण से लेकर पाइप लाइन विस्तार के साथ सभी घरों में नल का कनेक्शन किया जा रहा है। जिससे इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीणों को पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध होने से उनके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। जिले के कुआकोंडा विकासखंड अन्तर्गत अरनपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मेंडपाल में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिससे नल जल योजना के तहत ग्राम पंचायतों में लोगों के घरों में नल से जल



पहुंचना प्रारंभ हो गया है। इससे गांव के 35 परिवारों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है शेष परिवारों तक शीघ्र पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पानी जीवन का अमूल्य हिस्सा है इसके बिना जीवन की कल्पना ही नही की जा सकती एक समय ऐसा भी था जब ग्रामीण क्षेत्रों में जल की समस्या बनी हुई थी जहां पर लोगों को पीने के पानी के लिए बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे भी हैं जहां कई किलोमीटर दूर पैदल चलकर मीलो सफर तय कर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी, लेकिन आज शासन प्रशासन के प्रयास से अब पानी लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत नलजल, समूह नलजल योजनाओं को रेट्रोफिटिंग योजनाएं के माध्यम से गांव तक घरेलू नल कनेक्शन देने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से ऐसे ग्रामीण और सुदूर इलाके, जहां जल की उचित व्यवस्था नहीं है वहां हर घर में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में गांव की महिलाओं के चेहरे पर पानी को लेकर चिंता की रेखायें नजर नहीं आएंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल की समस्या को दूर किया जा रहा है। और हर घर जल की संकल्पना साकार किया जा रहा है।

## एक ही टांका में 1040 क्विंटल गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण

# शहरी गौठानों के लिए उदाहरण बन सकता है चारामा का गौठान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 24 मार्च।** शहर के गौठानों में अधिक मात्रा में गोबर की आवक से वर्मी कम्पोस्ट बनाने में होने वाली दिक्कतों से निपटने के लिए चारामा गौठान में किये गये उपाय जिले के अन्य शहरी गौठानों के लिए उदाहरण बन सकता है। इस गौठान में शेष बचे हुए 1040 क्विंटल गोबर को छोटे-छोटे वर्मी टंकियों में भरकर वर्मी कम्पोस्ट बनाने की दिक्कतों को देखते हुए अस्थाई रूप से एक बड़ा टांका बनाया गया, जिसमें 1040 क्विंटल गोबर और 440 क्विंटल अन्य कचरा को डालकर वर्मी कम्पोस्ट बनाया जा रहा है, जो लगभग बनकर तैयार हो चुका है तथा वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता भी अच्छी है।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने आज चारामा विकासखण्ड के विभिन्न



विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा नगर पंचायत चारामा द्वारा महानदी के किनारे संचालित गौठान का भी अवलोकन किया गया। गौठान में गोबर की अधिक आवक के कारण वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए टंकियों में भरने के बाद भी गोबर बच रहा था, जिसके कारण गोबर खरीदी की तुलना में कम मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट तैयार हो रहा था, इस समस्या से निपटने के लिए गौठान अस्थाई रूप से अस्थाई रूप से (65×33×2.5) 05 हजार 362 टांका तैयार किया गया, जिसमें 1040 क्विंटल गोबर और 440 क्विंटल अन्य कचरा, जिसमें तेन्दूपत्ता, सब्जी मंडी के सड़े-गले सब्जी, पैरा इत्यादि को मिलाकर टांका में भरा गया तथा कुछ दिनों बाद केंचुआ डालकर वर्मी कम्पोस्ट बनाया जा रहा है। केंचुआ डालने के बाद टांके में बेसन का घोल एवं दही भी डाला गया है, जिसके परिणाम स्वरूप गौठान में उच्च क्वालिटी का वर्मी कम्पोस्ट तैयार हो रहा है। गौठान में इस समय 270 क्विंटल (900 बोरी) वर्मी कम्पोस्ट तैयार हो चुका है, इसके अलावा लगभग 750 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन होने की संभावना है।

चारामा के एसडीएम राकेश गोलछा, जनपद सीईओ जी.एस. बढ़ई और नगर पंचायत चारामा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दादू सिंह पाल ने बताया कि गौठान में अधिक मात्रा में गोबर खरीदी होने के कारण वर्मी कम्पोस्ट बनाने के लिए टंकी में गोबर भरने के बाद भी गोबर शेष बच जाता था, जिसके कारण वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन गोबर खरीदी की तुलना में कम हो रहा था, जिसके निवारण के लिए अस्थाई रूप से एक बड़ा टांका बनाया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों सहित गौठान के नोडल अधिकारी एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को बधाई दी। नगरपालिका अधिकारी श्री पाल ने बताया कि चारामा के गौठान में अब तक 10 हजार 225 क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, जिसमें 822 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट एवं 01 हजार 54 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट का निर्माण किया गया है।

## एक नजर

### राममनोहर लोहिया की जयंती पर लोहिया विचार मंच ने की पुष्पांजलि अर्पित



**महासमुंद।** लोहिया विचार मंच के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया के जयंती के मौके पर लोहिया चौक स्थित लोहिया जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।शहर के लोहिया चौक में गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, पार्षद पवन पटेल, मीना वर्मा, शोभना यादव, सरला गोलू मदनकार एवं लोहिया विचार मंच के सदस्य दाऊलाल चंद्राकर, आर.एस. माली, प्रमोद तिवारी, नारायण नामदेव, मंगलू ढीमर, लोकनाथ चंद्राकर, राकेश पटवा, सहबाज रजवानी, लता कैलाश चंद्राकर, आरिश अनवर, भरत मदनकार और दाशु देवार डॉ राममनोहर लोहिया की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर लोहिया विचार मंच के सदस्यों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अंग्रेजों के खिलाफ भारत के स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने वाले तमाम व्यक्तित्वों की भांति लोहिया जी भी प्रभावित थे। वे जेल भी गए और ऐसी यातनाएं भी सहीं। आजादी से पूर्व ही कांग्रेस के भीतर उनका सोशलिस्ट ग्रुप था, लेकिन पंद्रह अगस्त सैंतालिस को अंग्रेजों से मुक्ति पाने पर वे उल्लसित तो थे, लेकिन विभाजन की कीमत पर पाई गई इस स्वतंत्रता के कारण वे काफी चिंतित भी थे। नेहरू और नेहरू की कांग्रेस से उनका रास्ता हमेशा के लिए अलग हो गया। लोहिया के समाजवादी आंदोलन की संकल्पना के मूल में अनिवार्यत~ विचार और कर्म की उभय उपस्थिति थी। जिसके मूर्तिमंत स्वरूप स्वयं डॉ. लोहिया थे और आजन्म उन्होंने 'कर्म और विचार' की इस संयुक्ति को अपने आचरण से जीवन्त उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस लिए लोहिया जी ने कहा था कि लोग मुझे याद करेंगे मेरे जाने के बाद।

### सुकमा में कुल 16 नक्सलियों का आत्मसमर्पण



**सुकमा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाये जा रहे ''पूना नर्कोम अभियान'' नई सुबह नई शुरूआत के तहत नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एंव उनके शोषण अत्याचार से तथा बाहरी नक्सलियो द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियो पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन के कुल 16 नक्सलियों द्वारा आज दिनॉक 24.03.2023 को श्री डी0एन0 यादव, कमांडेण्ट 74 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री कुलदीप कुमार जैन, कमांडेण्ट 226 वाहिनी सीआरपीएफ, श्री संदीप बिजानिया द्वितीय कमान अधिकारी 74 वाहिनी, श्री किरण चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन, के समक्ष पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेषन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया गया।

### मरीन ड्राइव की तरह नजर आयेगा गरियाबंद का छिंद तालाब

**गरियाबंद, 24 मार्च।** गरियाबंद नगर का सबसे पुराना और प्राचीन छिंद तालाब जल्द ही रायपुर के मरीन ड्राइव के तर्ज पर सवर कर तैयार होगा। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के प्रयास से छिंद तालाब के जीर्णोधार और सौंदर्यीकरण के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री ने 1.50 करोड़ की राशि स्वीकृति मिली हैं। इसके अलावा वार्ड क्र.11 में देवानीन तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 1.49 करोड़, प्रेस क्लब निर्माण कार्य के लिए 25 लाख तथा रावण भाठा के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रूपए मिले है। नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने बताया की हाल में नगरीय प्रशासन विभाग से 3 करोड़ के विकास कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।ज्ञात हो की नगर के वार्ड क्रमांक 12 में स्थित छिंद तालाब के जीर्णोधार और सौंदर्यीकरण की मांग उठती रही है।

## समाज ने वितरित किया शरबत व प्रसाद

# सिंधी समाज न भगवान झूलेलाल की जयंती मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 24 मार्च।** भगवान झूलेलाल जी के जन्म दिवस के अवसर पर सिंधी व अन्य समाज के लोगों ने नगर के तिरंगा चौक पर इकट्ठा होकर खुशी एवं उत्साह से प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर नगर के सभी समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर सिंधी भाइयों को बधाई दी। इस अवसर पर विशेष रूप से नगरपालिका अध्यक्ष गप्पू मेमन व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरीश भाई ठक्कर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके सिख समाज के बलदेव सिंह हुंदल मरौदा के सरपंच अभिमन्यु ध्रुव विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थिति दीआज सुबह से ही सिंध समाज के द्वारा अपना त्यौहार भगवान झूलेलाल के जन्मदिन पर के अवसर पर उत्सव मनाने हेतु समाज के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी तत्पश्चात दोपहर को नगर के प्रमुख तिरंगे चौक पर प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई इस अवसर पर गांव गांव से आए लोगों को लगातार 6 घंटे तक शरबत व प्रसाद वितरित किया जाता रहाआज का दिन सिंधी समाज के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि आज के दिन ही भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ था



उन्होंने सभी समाज के लोगों को एक साथ जोड़ कर भाई बंधुत्व व सुख शांति से रहने की उपदेश दिया था ।इस पावन दिवस पर सुबह जल्द उठने की परंपरा है। इसके बाद भक्त किसी नदी, या तालाब पर पहुंच विधि विधान से भगवान झूलेलाल की आराधना करते हैं। अनुष्ठान के उपरांत पूजा सामग्री जल में प्रवाहित कर के भक्तजन सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। इसके उपरांत जलीय जीवों को चारा खिलाया जाता हैं, फिर लोगों में मीठे नमकीन चने, शरबत और मीठे का प्रसाद वितरित किया जाता है। फिर भगवान झूलेलाल के शांति और सद्भावना संदेश का प्रचार किया जाता है और उनकी कथाएं सुनाई जाती है और यात्रा निकाली जाती है। प्रभु झूलेलाल ने कहा है कि ईश्वर अल्लाह एक है, इन्सान को छूत अछूत, धर्मांतरण, ऊंच नीच, भेदभाव और घृणा छोड़ कर अपने दिलों में एकता, भाईचारा, मेल मिलाप, सहिष्णुता और धर्म निरपेक्षता का दीप जलाना चाहिए।उन्होंने श्रुष्टि के सभी मनुष्यों को एक परिवार की तरह रहने का संदेश दिया, ताकि समृद्धि के द्वार खुलें और खुशहाली बनी रहे।आज तिरंगा चौक पर स्थित कार्यक्रम में प्रमुख रुप से रामचंद्र मखीजा वीरभान दास अरोरा अजय अरोरा विनय दास वाणी मुकेश दास वाणी के साथ ही समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे संध्या 6~00 बजे तक चले इस प्रसादी वितरण के बाद सिंध समाज के प्रमुख रामचंद्र मखीजा ने सभी समाज के लोगों को बधाई देते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर सिंधी समाज के प्रमुख रामचंद्र मखीजा,वीरभान दास रोहरा,माधव दासवानी,माधव रोहरा,बलदेव सिंह हुंदल,जयराम रोहरा,प्रकाश रोहरा,राकेश रोहरा,मुकेश दासवानी,अजय रोहराविकास रोहरा,विनय दासवानी,रवि रोहरा,अर्जुन रोहरा,सेवक माखीजा,आलिया रोहरा,नीति रोहराशिवम रोहरा,जय दासवानी,अजय दासवानी,सुनील रोहरा,पम्मन रोहरा,उज्वल रोहरा,अमित रोहरा,रमेश रोहरा,जमियत रोहरा,कन्हैया रोहरा,आशिष रोहरा,रितेश रोहरा,मुकेश रोहरा,विजय रोहरा,रोहित रोहरा,युवराज दासवानी।

# भाजपा का गांव चलो,घर-घर चलो अभियान 6 से



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण के निर्देशन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान 6 से 14 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा के निर्देश पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कुशाभाऊ ठाकरे प्रदेश कार्यालय में बैठक आहूत कइ गई। जिसमें श्री चंद्राकर ने बताया कि गांव गांव चलो घर-घर चलो अभियान के माध्यम से मोदी सरकार के जनहितकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाकर प्रदेश सरकार के वादाखिलाफी से अवगत कराना है। यह कार्यक्रम छग के समस्त जिलों में 6 से 14 अप्रैल तक चलेगा।बैठक में अभियान हेतु कार्य विभाजन किया गया। जिसमें प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई। इसमें राकेश चंद्राकर को दुर्ग संभाग प्रभारी, देवदत्त साहू रायपुर संभाग प्रभारी, निर्देश दीवान बस्तर संभाग, दिलेंद्र कौशिल बिलासपुर संभाग, मनोज गुप्ता सरगुजा संभाग प्रभारी बनाया गया है। वहीं भगवान यादव डेटा और संपर्क प्रभारी, भूपेंद्र शंकर सेन सह प्रभारी, श्रवण यदु मीडिया प्रभारी, नरेंद्र निर्मलकर सोशल मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी तामेश्वर साहू को बनाया गया है। साथ ही प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षगण, जिला पदाधिकारियों और मंडल के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान के दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा वॉल पेंटिंग, पोस्टर पाम्पलेट, समाज प्रमुखों से मिलकर उनका सम्मान, ई-रिक्शा चला कर अभियान का प्रचार-प्रसार करना, नुक्कड़ सभा आयोजित करना सहित अन्य कार्यक्रम चलाकर जनता के बीच पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर, प्रदेश मंत्री देवदत्त साहू, होरीलाल सिन्हा, अशोक सिन्हा, प्रकाश चंद्राकर सह कोषाध्यक्ष, भगवान यादव सह कार्यालय प्रभारी, भूपेंद्र शंकर सेन, श्रवण यदु सह मीडिया प्रभारी, तामेश्वर साहू सह सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### चन्द्रनाहू शिक्षण समिति के राहुल अध्यक्ष और कमलेश सचिव बने

**महासमुंद।** विगत दिनों चंद्रनाहू शिक्षण समिति का चुनाव छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। भारी गहमागहमी और चन्द्राकर समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति में मतदान हुआ। जिसमें समिति के 568 सदस्यों ने भाग लिया। मतदान एवं मतगणना के उपरांत अध्यक्ष के पद के लिए राहुल चंद्राकर को 324 मत मिला। वही दो कार्यकाल अध्यक्ष रहे चंद्रहास चन्द्राकर को मात्र 240 मत मिला और राहुल चन्द्राकर 84 मतों से विजयी रहे। सचिव पद के लिए कमलेश चंद्राकर को 275 मत मिला और जब्बर चन्द्राकर को मात्र 203 मत प्राप्त हुए और कमलेश चन्द्राकर 72 मतों से विजयी रहे। एकतरफा जीत के बाद पूरा माहौल आतिशी व रंगगुलाल से सराबोर हो गया। प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में युवाओं की फौज ने रायपुर राज के सामाजिक पदाधिकारी के मार्गदर्शन में बड़ी जीत हासिल की।

# प्रेस क्लब की फूलों की होली में शामिल हुए कलेक्टर, एसपी, नपा अध्यक्ष



**गरियाबंद, 24 मार्च।** प्रेस क्लब की ओर से बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।। दरअसल ये होली मिलन आम होली मिलन से थोड़ा हटके रहा। इसमे बजाए केमिकल वाले रंगों के गुलाब की पत्तियों से फूलों की होली खेल गई । सभी पत्रकारों ने आने वाले मेहमानों को गुलाब और गेन्दा की पत्तियों की बौछार की गई । गुलाब की सुर्ख पत्तियों साथ ही गेंद के फूलो से सराबोर रहा इस अवसर पर 40 साल से अधिक समय तक पत्रकारिता करने वाले फारुक मेमन एवं भिखूभाई मय्याणी का सम्मान किया गया अतिथि के रुप मे कलेक्टर प्रभात मलिक पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले नपा अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन एवं वन मण्डल अधिकारी मणिवासन एस , वन मण्डल अधिकारी उन्दती वरुण जैन, अपर कलेक्टर अविनाश भोई एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक, लोक स्वास्थ यान्तिकी प्रमोद कुमार क़तलम प्रधान मंत्री सड़क योजना के पूर्व ई.ई. प्रदीप वर्मा मुख्य नगरपालिका अधिकारी टामसन रात्रे सिटी कोतवाली थाना प्रभारी राकेश मिश्रा एम एस सोरी पोषण साहू पुरोषतम चंद्रकार सहित अन्य विभाग प्रमुख उपास्थित रहे सभी पत्रकारों को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

### संदेशों को लोगों तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका:कलेक्टर

कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन और मीडिया का परस्पर समन्वय जरूरी है। जिले के प्रगति, पर्यटन और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मीडिया बेहतर कार्य कर रही है।कलेक्टर ने कहा कि गरियाबंद जिले का नाम अब अन्य राज्य और प्रदेशों में भी होने लगा है। इस कार्य में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### प्रशासन और मीडिया का बेहतर समन्वय जरूरी : एस.पी.

पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने कहा कि प्रशासन और मीडिया का समन्वय होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से लोगों तक संदेश और सूचनाओं को पहुंचाने का बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। मीडिया के माध्यम से ही हमें बहुत सारी जानकारी मिलती है और जिसका हम समाधान गंभीरता से करते हैं। आगे भी ऐसे ही सहयोग की बात कही

### प्रजातंत्र में पत्रकारों पर बड़ी जिम्मेदारी है: गफ्फू मेमन

नपा अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन ने कहा कि लोकतांत्र में पत्रकारों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। ज़िले सभी पत्रकार इसे समझते हुए अपनी अपनी कलम चलाते है , लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथे स्तंभ के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्होंने प्रेस क्लब भवन लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की है साथ ही उन्होंने पत्रकारों के हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### गरियाबंद की पत्रकारिता ने पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी एक अलग ही पहचान क़ायम की है

प्रेस क्लब के अध्यक्ष ज्ञानेश तिवारी ने बताया कि गरियाबंद के पत्रकारिता ने पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान कायम की है। इस शहर ने कई ऐसे पत्रकार दिए है जो इस प्रदेश ही नही बल्कि पूरे देश मैं अपना परचम फहरा रहे वर्तमान परिवेश में मीडिया के समक्ष कई चुनौती है।

### 40 वर्ष से भी अधिक समय तक सेवा देने वाले पत्रकारों का सम्मान

40 वर्ष से भी अधिक समय तक सेवा देने वाले पत्रकारों का सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में 40 वर्ष से भी अधिक समय तक सेवा देने वाले और दशकों से सक्रीय वरिष्ठ पत्रकार पत्रकारिता में पूरे गरियाबंद ज़िले में अपनी एक अलग ही पहचान कायम करने वाले फ़ारूक मेमन एवं भिखु भाई मयाणी का कलेक्टर एस.पी एवं नपा अध्यक्ष के साथ गरियाबंद प्रेस क्लब के द्वारा सम्मान किया गया।इस मौके विशेष रूप से अध्यक्ष ज्ञानेश तिवारी वरिष्ठ पत्रकार फ़ारूक़ मेमन भिखु भाई मायानी उपाध्यक्ष महेंद्र सहिस,सचिव गोविंद तिवारी . रमेश देवदास, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर फुलझेले. सदस्य विजय सिन्हा नागेश तिवारी किरण साहू सुनीता राजपूत सागर मायानी फ़रहाज़ मेमन प्रकाश यादव कुलेश्वर सिन्हा लक्ष्मण कश्यप विजय साहू राकेश देवांगन शिव भिलेपरिया किशन नागेश लोकेश्वर सिन्हा आदि अनेक पत्रकार उपस्थित थे

# विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कार्यकर्ताओं को शुरू किया साधना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 24 मार्च।** विधानसभा चुनाव के अब कुछ माह ही शेष रह गये है,ऐसे मे राजनीतिक पार्टियों के अंदर हल चल शुरू हो जाना कोई नयी बात नही है,इस बार भाजपा जिले मे कही पर भी अपनी कोई पुरानी गलती दोहराना नही चाहती,यही कारण है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रर्ताओ का एक दल जिले के बडे नेताओ से मिलकर आगामी रणनीति के संबंध मे गुप्तगुह करनी शुरू कर दी है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरजीत सिंह भाटिया के नेतृत्व मे कार्यक्रर्ताओ का एक दल जशपुर कुमार प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के अलावा पूर्व राज्य सभा सांसद रणविजय सिंह,पूर्व हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विष्णु साय से मुलाकात कर आगामी रणनीति बनानी शुरू कर दी है,इससे पूर्व



पार्टी ने अपने छः निष्कासित नगर पंचायत के पार्षद एवं दो पूर्व पार्षदो का भी पार्टी प्रवेश कराया था,जिसे देखकर सहज ही अंदेशा लगाया जा सकता है कि भाजपा इस बार जिले की तीनो विधानसभा सीटो मे कोई गलती करने के मुड मे नही है। आज भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरजीत सिंह भाटिया ने पत्रकारो से चर्चा की। उनका कहना था कि पार्टी की नीति एवं कार्य आदेश पर सभी कार्यक्रर्ता एक जुट होकर पार्टी के हित मे काम करने के लिए कमर कस चुके है,उनका कहना था कि इस बार विधानसभा चुनाव मे पार्टी जिले की तीनो सीटो पर अपना परचम लहरायेगी। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यक्रर्ता श्याम नारायण गुप्ता का कहना था कि उनके अलावा अन्य पार्षदो का भाजपा मे पुनः प्रवेश होने के बाद वे सभी पार्टी के हित के साथ-साथ पार्टी द्वारा जारी निर्देश पर काम करेंगे। उनका कहना था कि जनहित के मुददो को प्राथमिकता से उपर लाकर उसमे कार्य करना पार्टी की पहली प्राथमिकता है।।

भाजपा की सोच आम आदमीयों के हित की-:पूर्व पार्षद रम्मु शर्मा का कहना था कि भाजपा की सोच हमेंशा आम आदमीयों के हित मे रही है,आगामी चुनाव के बाद जीत दर्ज कर जनता जनार्दन के जरूरत के मुददो को पूरा करने के हर संभव प्रयास किये जायेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हरजीत सिंह भाटिया,भाजपा के वरिष्ठ कार्यक्रर्ता रौशन प्रताप सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चमर साय,पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह,नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता,पार्षद आनंद गुप्ता,पुनीत डहरिया,श्रीमति स्नेहलता शर्मा, चंद्रकला गुप्ता,रेखामुनी भगत,पूर्व पार्षद विश्वनाथ शर्मा,रमेश शर्मा एवं अन्य कार्यक्रर्ता मौजूद थे।

### सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए समीक्षा बैठक

**जगदलपुर, 24 मार्च** सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए जिला स्तर पर आवश्यक तैयारी हेतु कलेक्टर श्री चंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी व परियोजना अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला योजना एवं सांख्यिकी, खाद्य नियंत्रक, जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी पंचायत, मनरेगा, पंचायत के उप संचालक व पंचायत निरीक्षक, चिप्स और एनआईसी के अधिकारी को उनके दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## समाचार संक्षेप

### प्रशासन ने 19 जोड़ों का कराया विवाह, सरेंडर कर चुका नक्सली जोड़ा भी विवाह के बंधन में बंधा

**सुकमा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सल प्रभावित सुकमा में महिला एवं बाल विकास की तरफ से एक सराहनीय पहल की गई है. यहा 19 जोडों का विवाह कराया गया. सामूहिक विवाह के इस कार्यक्रम में सुकमा एसपी सुनील शर्मा भी शामिल हुए और नए जोड़ों को आशीर्वाद दिया. खास बात है कि इस शादी में सरेंडर कर चुके नक्सली कपल की भी शादी कराई गई है. नक्सली संगठन में शामिल लोगों को विवाह करने की अनुमति नहीं मिलती है. यदि संगठन के लोगों में प्रेम हो जाता है, तो उनका नसबंदी भी करा दिया जाता है. उस लिहाज से सरेंडर कर चुके इस नक्सली दंपती का विवाह करवाना बड़ा कदम है। सरेंडर कर चुके दोनों नक्सली ने जताई थी शादी की इच्छा~ सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने बताया कि फ्रसुकमा में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है. छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर साल 2021 में नक्सली करटामी देवे ने सरेंडर किया था. जबकि साल 2022 में नक्सली जितेंद्र उर्फ सन्ना ने हथियार डाले थे. इन दोनों ने अब शादी की इच्छा जताई. फिर प्रशासन ने दोनों की शादी कराई सुकमा एसपी ने विवाह योजना के तहत पंजीयन कराया सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने आगे बताया इसी दौरान दोनों नक्सलियों ने सुकमा एसपी कार्यालय में उपस्थित होकर आपस में विवाह करने की इच्छा जाहिर की थी. जिसके बाद हमने विवाह के लिए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया था. महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारियों से बातचीत करके दोनों की शादी छत्तीसगढ़ शासन की सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत कराई गई है सुकमा एसपी ने विवाहित जोड़ों को दी शुभकामनाएं~ सुकमा एसपी ने विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया है और नए जीवन की शुभकामनाएं दी है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर करें चालानी कार्रवाई



**सुकमा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस एस. की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अत्यधिक दुर्घटना जन्य वाले क्षेत्रों एवं सड़कों का चिन्हांकन, वाहनों के स्पीड को नियंत्रित करने के लिए मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़कों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण करने, विभिन्न मार्गों एवं मुख्य स्थानों पर सुरक्षा के किए गए उपायों की समीक्षा कलेक्टर ने की। उन्होंने विपरित दिशा में वाहन चालाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही और यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए जन जागरूकता का आयोजन कराने कहा ।बैठक में बाईक, स्कूटी इत्यादि से स्कूल पहुंचने वाले 12-17 आयु वर्ग के बच्चों और उनके पालकों को यातायात नियमों का पालन कराने संबंधी जानकारी, सड़कों, फुटपाथ तथा पार्किंग स्थलों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, सड़कों पर वाहन चालन को प्रभावित करने वाले मवेशियों को हटाने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को एम्बुलेंस समेत प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में तत्काल बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीएन कश्यप, डीएसपी ट्रेफिक श्री अमित देवांगन, जिला परिवहन अधिकारी श्री शिवभगत रावटे, सहित लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### 10 लोगों को 20 लाख से अधिक की अनुदान राशि प्रदान

**सुकमा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ सुकमा जिले में 21 मार्च को पौधे रोपण कर किया गया। इस अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में राशि भी ऑनलाइन ट्रान्सफर किया गया। शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना के तहत जिले के 10 लाभान्वित हितग्राहियों को 20 लाख 30 हजार रुपए का सांकेतिक चेक मुख्य अतिथि श्री हरीश कवासी व कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा प्रदान किया गया ।कार्यालय प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा समिति से ग्राम तोरुतोंग निवासी शांति को 4 लाख और विद्या ठाकुर को 2 लाख रुपए का अनुदान राशि प्रदान किया गया। इसी प्रकार कुकानार समिति के सोमड़ी करतामी, तोंगपाल समिति के सोनाधर, डुब्बाटोटा समिति के लक्के व कमलेश, छिंदगढ़ समिति के नंदाराम मड़कामी और गादीरास समिति के हिड़मे व घसिया राम को दो-दो लाख रुपए की अनुदान राशि दिया गया। गादीरास समिति के करण सिंह बघेल को 30 हजार की राशि का अंतरण किया गया।

### तुंगल डैम में आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल



**सुकमा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में तीसरी बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) मुंण्डली कटक द्वारा शुक्रवार को तुंगल डैम में आपदा से बचाने व सुरक्षित निकालने का मॉकड्रिल दोपहर 11 बजे किया जायेगा। इस संबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। श्री डी एन कश्यप जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि समय समय पर एनडीआरएफ ने देश-विदेश में विभिन्न ऑपरेशन के माध्यम से आपदा में फसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने में कामयाब हुए है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की टीम की ओर से स्थानीय मॉकड्रिल के तहत किसी भी प्रकार की हानि नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाये ।एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर श्री एस के सिन्हा ने एनडीआरएफ के गठन व किये जाने वाले कार्यों के बारे में अवगत कराया कि बाढ़ आने पर प्रशासन की ओर से लोगों को अलर्ट किया जाता है लेकिन लोग सोचते है कि हम निकल जाएंगे और जोखिम उठा लेते है। आपदा आती है तो लोग निकल नहीं पाते है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की एक टीम के जवान प्राथमिक चिकित्सा के साथ-साथ एकजुट होकर कार्य करने में लग जाते है। बाढ़ बचाव के आवश्यक संसाधन जैसे बोट, डीप ड्राइविंग उपकरण, लाइफ जैकेट आदि सहित एनडीआरएफ के सदस्य हमेशा तैयार रहते है। बैठक में असिस्टेंट कमांडेंट श्री गौरव जांगते और नगर सेना सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में तीन दिवसीय तकनीकि प्रशिक्षण का आयोजन

**सुकमा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र



सुकमा में 20 से 22 मार्च तक छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी चिराग परियोजनान्तर्गत जिला स्तर पर सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों के लिए समन्वित कृषि प्रणाली पर तीन दिवसीय तकनीकि प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंम्भ में कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में पदस्थ चिराग परियोजना के सीनियर रिसर्च फेलो श्री विरेन्द्र चौहान द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण की विषय- वस्तु, प्रमुख बिन्दुओ एवं उद्देश्यों की जानकारी दी गई ।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस वरिष्ठ वैज्ञानिक एच. एस. तोमर द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली की अवधारणा एवं उददेश्यों पर जानकारी दी गई। वहीं श्री ओ पी मण्डावी, श्री कमल कुमार गावडे एवं उमेश बघेल के द्वारा

## एक नजर



तिल्दा-नेवरा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा के झूलेलाल मंदिर मे चेटीचंड महोत्सव मनाया गया जिसमें पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा सहित काग्रेस बीजेपी के स्थानीय कार्यकर्ता ब नेता भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शाम को विशाल शोभा यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।

### शहीद दिवस पर बलिदानियों को युवाओं ने दी श्रद्धांजलि



मोहला, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शहीद दिवस पर मोहला मानपुर चौकी जिलाध्यक्ष मनीष साहू के मार्गदर्शन में एवं हस्र्ढ खुज्जी विधानसभा अध्यक्ष वैभव सिंह परिहार के नेतृत्व में अंबागढ़ चौकी वार्ड नंबर 8 के शहीद भगत सिंह चौक में एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने अधिक संख्या में उपस्थित हो कर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जी की शहादत को याद करते हुए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया सभी युवाओं ने शहीद दिवस के दिन संकल्प लिया की हमभी देश के लिए कुछ करना पड़े तो कभी पीछे नहीं हटेंगे इस श्रद्धांजलि सभा में एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष शिखर वर्मा, जिला महासचिव अमन डोंगरे, लोचन निषाद, शेखर सागोड़े, यशदीप हुमनकर, लक्की कुंजाम, निखिल बॉम्बेश्वर, अमित तारमे, देवप्रसाद निषाद, लक्की निषाद लक्की अमिला, जयंत पटेल, छबि पटेल रितेश नेताम, आकाश सारथी, सत्यम, योगेश मानिकपुरी एवं वार्ड वासी आदि इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

### शासकीय लेन देन के लिए बैंक 31 मार्च रात्रि तक खुले रखने के निर्देश

बलौदाबाजार, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर रजत बंसल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतिम कार्यदिवस 31 मार्च रात्रि तक सभी बैंकों को खुले रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैंकों में शासकीय लेनेदेन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के सभी शासकीय व्यावसायिक लेनदेन वाले बैंकों को चालू रखें, ताकि समस्त रोकड़ तथा अदायगी लेनदेन की प्रक्रिया संपन्न किया जा सके। 31 मार्च को ही चालान, ई-चालान के माध्यम से प्राप्त समस्त राशि को शासन के खाते में जमा किया जाना है।

### रामाटोला में लाखों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



डोंगरगढ़, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा द्वारा डोगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रामाटोला में विभिन्न निर्माण कार्यों की भूमि पूजन कर विकास कार्यों की नींव रखी रखी. जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू द्वारा ग्रामीणों की मांग को देखते हुए रामाटोला के आश्रित ग्राम नरसिंगपुर के सामुदायिक तालाब में महिला घाट निर्माण, रामाटोला में सांस्कृतिक मंच निर्माण, रामाटोला बस स्टैंड में पानी प्याउ घर निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है जिसका आज सभी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बालेश्वर नेताम सरपंच चित्रलेखा मंडावी हेमंत देवांगन बनवारी वर्मा कुलेश्वर साहू करमचंद देवांगन देवी लाल देवांगन महिला पंच गांव के पटेल एवं गांव के ग्रामीण मिलकर निर्माण कार्यों की भूमि पूजन किया गया।

जनहित के मुद्दों पर तरुण छत्तीसगढ़ की है पैनी नजर

# तरुण के मुहिम के बाद अरुण का राजधानी के डीकेएस में इलाज शुरू

## विधायक और समाजसेवी ने अस्पताल पहुंचकर ली बच्चे की सुध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 24 मार्च।** जनहित की खबरों पर तरुण छत्तीसगढ़ ने हमेशा पैनी नजर रखकर खबरों को प्रकाशित कर जरूरतमंदों को मदद दिलवाकर जनहित के क्षेत्र में पत्रकारिता में अपनी एक अलग ही छाप छोड़ा है। इसी क्रम में एक बार फिर तरुण छत्तीसगढ़ की मुहीम ने असर दिखाया है। इस बार तरुण ने मासूम आदिवासी बच्चे को समय पर इलाज नहीं मिलने से हो रही परेशानी को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर अपना पत्रकारिता का धर्म निभाया था। वहीं तरुण छत्तीसगढ़ की खबर के बाद मासूम अरुण की मदद के लिए कई हाथ उठे। और अरुण के परिवार को आर्थिक मदद भी मानवतावादियों ने दिया। वहीं प्रशासन ने भी हर स्तर पर अरुण की मदद किया। तत्काल उसका आयुष्मान कार्ड बनाया गया। आदिवासी वर्ग के प्रमुखों ने देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर अरुण के परिजनों को आर्थिक मदद देकर इलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से रायपुर रवाना किया था। वहीं राजधानी पहुंचने के बाद डीकेएस अस्पताल में अरुण का इलाज भी शुरू हो गया है। वहीं आज अरुण की सूध लेने क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी और समाजसेवी रुपसिंग साहू डीकेएस अस्पताल पहुँचे। दोनों ने पहले बच्चे के परिजनों से भेंट की। इलाज के संबंध में जानकारी लिया। इसके बाद डीकेएस अस्पताल की अधिक्षिका डॉक्टर क्षिप्रा जैन, सह अधीक्षक डॉक्टर हेमंत शर्मा





**खबर का असर**



गर्म पानी में गिरने से बुरी तरह झुलसा आदिवासी बच्चा



अरुण की मदद के लिए उठे कई हाथ

से बच्चे के इलाज को लेकर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने कहा की मेरे क्षेत्र के बच्चे के इलाज में कहीं कोई कमी नहीं नहीं चाहिए। जिस पर उन्हें अधिक्षिका और सह अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि बच्चे के इलाज को लेकर अस्पताल प्रबंधन गंभीर है। इलाज में कहीं कोई कमी नहीं आएगी। इसके बाद विधायक और समाजसेवी ने बच्चे का इलाज कर रहे डॉक्टर दक्षेश शाह से मुलाक़ात की। उन्होंने भी भरोसा दिलाया कि बच्चे का इलाज शुरू किया जा चुका है। डॉक्टर ने कहा कि बच्चा जल्द ही स्वस्थ हो जायेगा।

### आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी अरुण के प्रति हैं गंभीर

मासूम बच्चा अरुण नेताम के इलाज को लेकर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव भी बहुत ज्यादा गंभीर है। उन्होंने गुरुवार की देर शाम बच्चे को लेकर अटेंडर के रूप में गए प्रेम मांझी से भी इलाज को लेकर विस्तृत चर्चा किया। वहीं जनक ने इलाज को लेकर डॉक्टरों से भी चर्चा किया है। जनक ने कहा कि वे पार्टी के कार्यक्रम में व्यस्त है। कार्यक्रम होने के बाद वे सीधे अस्पताल पहुँचकर बच्चे से भेंट करेंगे। जनक ने कहा कि बच्चे को स्वस्थ्य कर खिलखिलाते चेहरे के साथ उसके गॉव भेजने की जवाबदारी हमारी है।

### अटेंडर के रूप में गए प्रेम की है महत्वपूर्ण भूमिका

मासूम अरुण को आज यदि मदद मिला है तो इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका खुटगॉव के मांझीपारा निवासी प्रेम मांझी का है। प्रेम को ही सबसे पहले मामले की जानकारी मिली। उन्होंने बच्चे को देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती भी करवाया। इतना ही नहीं ज़ब कोई अटेंडर नहीं मिला राजधानी तक जाने के लिए। तो प्रेम खुद तैयार हुए और अटेंडर बनकर राजधानी जाकर बच्चे का इलाज भी करवा रहे है। यहां बताते चले की प्रेम बच्चे के रिश्तेदार भी नहीं है। लेकिन प्रेम के मुताबिक उन्होंने मानवता का धर्म निभाया है और बच्चे के इलाज में अपना सहयोग दिया है।

# प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का निर्णय ऐतिहासिक: हेमंत वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों के सच्चे हितैषी बलौदा बाजार युवा कांग्रेस जिला महासचिव हेमंत वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को विधानसभा में इस साल से किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि वह किसानों के सच्चे हितैषी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को बड़ी सौगात देने का स्वागत करते हुए इसे बड़ी सौगात बताया है।

हेमंत वर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से ही किसानों के हित में लगातार नई नई योजनाएं बनाकर उसका बेहतर क्रियान्वयन करा रहे हैं। सत्ता संभालने के बाद सबसे पहले भूपेश बघेल ने किसानों का कर्ज माफ़ किया। उसके बाद किसानों से 2500 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की शुरुआत कर देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। फिर नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गोठान योजना, राजीव गाँधी न्याय योजना सहित तमाम किसान हितैषी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। भूपेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के सही क्रियान्वयन का प्रतिफल है कि आज शहरों से लोग वापस अपने गाँव की ओर जा रहे है और खेती कर आर्थिक रूप से मज़बूत हो रहे हैं। युवा कांग्रेस नेता वर्मा ने कहा 15



वर्ष तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की रमन सरकार किसानों को कभी बोनस देने के नाम पर तो कभी समर्थन मूल्य देने के नाम पर ठगती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति में जबरदस्त बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत हुई है। वर्मा जी ने कहा कि इस वर्ष खरीफ सीजन में किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा भूपेश सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी मजबूत होगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बलौदा बाजार जिला में 90 त्न परिवार किसान है , छत्तीसगढ़ में हर्ष और उल्लास का माहौल निर्मित हो गया है गांव गांव के लोग बहुत प्रफुल्लित होकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। हर एक के जुबान पर भूपेश कका छाया हुआ है।

# मोटर साइकिल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 24 मार्च।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में तथा अति पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा के दिशा निर्देश में थाना क्षेत्र में चोरी के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही हेतु मीटिंग मे मिले निर्देश का अक्षरशः पालन करते हुए थाना प्रभारी सिमगा निरीक्षक अमीत कुमार तिवारी के कुलश नेतृत्व में थाना सिमगा के अपराध क्रमांक 107/2023 धारा 379 34 भादवि के संबंध में 2 मार्च को प्रार्थी विनय कुमार कोल पिता रूपा कोल उम्र 28 साल साकिन भालूमाडा जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक घटना समय को न्यु राजु ढाबा में खाना खा रहे थे अपने मोटर सायकल सुपर स्पलेंडर क्रमांक एमपी-45-एमएफ-0298 को ढाबा के बाहर खडा कर दिये थे। कि किसी अज्ञात चोर द्वारा मौका एवं अंधेरा का फायदा उठाकर उक्त् मोटर सायकल कीमती 30, 000 को चोरी कर ले गया। विवेचना के दौरान 23 मार्च को ज्ञात हुआ कि सिमगा का रहने वाला परमेश्वर देवागन एवं हर्ष तम्बोली एक मोटर सायकल बेचेने के फिराक में ग्राहक ढुंढ रहे है। तभी मौके पर जाकर हर्ष तम्बोली को पकडकर का कडाई से पुछताछ करने पर दिनांक घटना समय को उक्त् मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया एवं बेचने हेतु परमेश्वर देवांगन को देना बताये। दोनो आरोपी के संयुक्त कब्जे से उक्त मोटर सायकल सुपर स्पलेंडर कीमती 30, 000 रूपया को जप्त किया गया है। आरोपी 01. हर्ष ताम्बोली पिता द्वारिका प्रसाद ताम्बोली उम्र 19 साल साकिन वार्ड क्रमांक 08 अप्पु चैक के पास सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, परमेश्वर देवांगन पिता लखन लाल देवांगन उम्र 24 साल साकिन वार्ड क्रमांक 11 गुरूद्वारा के पास सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में प्रआर 88 संतोष वर्मा, आरक्षक धर्मेन्द्र यादव, लोकेश डडसेना, बिरेन्द्र सिन्हा का अहम भुमिका रहा है।

# राष्ट्रीय कथावाचक यामिनी को जिला महामंत्री ने दी बधाई

**बलौदाबाजार, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार जिला कसडोल नगर पंचायत में निवासरत साहू समाज के लोगों के लिए के लिए आज बड़े गर्व और हर्ष का दिन रहा। कसडोल नगर में आज राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य यामिनी देवी साहू, समीपस्थ ग्राम साबर में भागवत कथा प्रवचन के लिए जाते समय सिंचाई कॉलोनी के विश्राम गृह में कुछ समय के लिए रुकी थी। राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य यामिनी देवी साहू से मिलने के लिए बलौदाबाजार भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार साहू के साथ भरतलाल साहू, बगसराम साहू, महेश साहू, कमल श्रीवास, शनि यादव, निर्मला साहू, शशि साहू, विष्णु यादव आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य यामिनी देवी साहू को गुलदस्ता भेंट करते हुए बलौदाबाजार भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार साहू ने उन्हें सनातन धर्म परिषद न्यास भारत के व्यासपीठ का फ्राष्ट्रीय धर्माचार्य फ्र मनोनीत करने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। राजकुमार साहू ने कहा निश्चित ही यह व्यवस्था परिवर्तन का शंखनाद है। कर्मा माता की पूजा की राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य यामिनी देवी साहू ने कसडोल में साहू समाज के लोगों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से आत्म विभोर राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य यामिनी देवी साहू ने सभी लोगों का आभार जताया और कसडोल के समीपस्थ ग्राम साबर में भागवत कथा प्रवचन के लिए जाती हुई कर्मा माता चौक में रुक कर, 18 मार्च 2023 को प्राण प्रतिष्ठित माता कर्मा की मूर्ति की पूजा की।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सुकमा

निविदा क्रमांक/06/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023 सुकमा, दिनांक 20/03/2023

-::तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना::-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से सुकमा जिले के विभिन्न गौठानों में **150 मि.मी.** व्यास के **90 मी.** गहरे नलकूप खनन कार्य हेतु निविदायें छत्तीसगढ़ में 'डी' या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06.04.2023 तक आमंत्रित की जाती है।

| नलकूपों की संख्या | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रू. | आवेदन की अंतिम तिथि-03.04.2023<br>निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि-04.04.2023<br>निविदा प्रपत्र का मूल्य-750.00 |
|---|---|---|---|
| 14 | 7.70 | 5775.00 | |

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में तथा छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाईट http://www.chhattisgarh.nic.in/tender पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सुकमा

जी-99552/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द

### मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय बार)

क्रमांक/21/एस.ए.सी./ग्रा.यां.से./2022-23 महासमुन्द दिनांक 22/03/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्यों से संबंधित मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शासकीय हाई स्कूल **तुरेंगा** में पुस्तकालय कक्ष एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण वि.ख. महासमुन्द | 15.54 लाख |
| 2 | शासकीय हाई स्कूल **तुरेंगा** में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण तथा **परसाडीह** में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य वि.ख. महासमुन्द | 12.98 लाख |
| 3 | पशु औषधालय भवन निर्माण **केदुवा** वि.ख. सरायपाली | 11.83 लाख |
| 4 | शासकीय हाई स्कूल **नवागढ़** में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य वि.ख. सरायपाली | 6.49 लाख |
| 5 | शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल **बलौदा** में पुस्तकालय कक्ष निर्माण कार्य वि.ख. सरायपाली | 8.38 लाख |
| 6 | शासकीय हाई स्कूल **सिंघोड़ा** में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य वि.ख. सरायपाली | 6.49 लाख |

**(टीपः- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05/04/2023)**

उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारियां विभागीय वेबसाईड **https://res.cg.gov.in** में दिनांक 22/03/2023 से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-99562/4 कार्यपालन अभियंता

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा

(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सू.क्र./711-724/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./2023 दन्तेवाड़ा, दिनांक 21/03/2023

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'ए' प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की गयी है।

**कार्य का नामः- जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल विलेज का कार्य।**

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण/ग्राम/विकासखंड | निविदा आमंत्रण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 128568 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना आलनार/कुआकोण्डा | पंचम काल | 34.57 |
| 2 | 128572 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बड़ेगादम/कटेकल्याण | पंचम काल | 56.16 |
| 3 | 128574 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बांगापाल/गीदम | चतुर्थ काल | 138.27 |
| 4 | 128575 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना बुरगुम/कुआकोण्डा | पंचम काल | 121.62 |
| 5 | 128578 | नलजल प्रदाय योजना चितालंका/दन्तेवाड़ा | तृतीय काल | 314.65 |
| 6 | 128580 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना छोटेतुमनार/गीदम | पंचम काल | 235.23 |
| 7 | 128591 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना गुटोली/गीदम | पंचम काल | 75.47 |
| 8 | 128594 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना हारला/गीदम | पंचम काल | 52.48 |
| 9 | 128595 | नलजल प्रदाय योजना कुण्डेनार/गीदम | पंचम काल | 74.85 |
| 10 | 128598 | नलजल प्रदाय योजना कुतुलनार/गीदम | पंचम काल | 49.52 |
| 11 | 128599 | नलजल प्रदाय योजना लेण्ड्रा/कुआकोण्डा | पंचम काल | 47.37 |
| 12 | 128600 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना मथाड़ी/कटेकल्याण | पंचम काल | 127.33 |
| 13 | 128601 | नलजल प्रदाय योजना मुस्तलनार/गीदम | पंचम काल | 71.71 |
| 14 | 128602 | सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजना तुमरीगुण्डा/गीदम | पंचम काल | 159.73 |
| | | **कुल योग** | | **1558.96** |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

**टीपः- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.04.2023 है।**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-99586/4


## राजस्थानी परिवारों ने हर्षोल्लास से मनाया गणगौर पर्व, सुनी शिव-पार्वती की कथा

# महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा कर मांगी सुहाग की लंबी उम्र



✍ नरेन्द्र शर्मा

**तिल्दा-नेवरा, 24 मार्च।** शहर सहित आसपास के गांवों में गुरूवार को गणगौर पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। महिलाओं ने घर - घर गणगौर माता की पूजा - अर्चना करने के साथ महिलाओं ने लांगुरिया और ईसर पार्वती के गीत ङ्क भजन गाए। इस अवसर पर महिलाओं ने सज-धजकर नए वस्त्र पहनकर ईसर गणगौर की पूजाङ्कअर्चना कर भगवान शिव-पार्वती की कथा सुनी।महिलाओं ने कंगन व सुहाग की चीजों का दान कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना की। महिलाओ ने बताया कि गणगौर माता के पर्व को महिलाएं सुहाग की सलामती और कन्याएं सुयोग्य वर पाने के लिए पूजन करती है।

गणगौर पूजन में कन्याओं और महिलाएं अपने लिए अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। इस दिन महिलाएं 16 गुणाओं से गणगौर माता का पूजन कर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना कर घर परिवार में सुख - समृद्धि व खुशहाली की कामना करती है।गणगौर पर्व हर्षोल्लास से नेवरा बैकुंठ कालोनी सहीत राजस्थानी परिवारों के घर-घर में पकवान बनाए गए।इस अवसर पर महिलाओं ने घरों में गणगौर की पूजा की। 16 दिन से गणगौर पूजा कर रही बालिकाओं ने भी गणगौर की पूजा की। बालिकाओं ने दूल्हे लाड़ी बनकर बैंड बाजों के साथ बारात निकाली डीजे की धुन पर नृत्य किया। गांवों में गणगौर धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने गणगौर की पूजा-अर्चना कर खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी। सामूहिक लोक नृत्य के साथ गणगौर माता के मंगल गीतों की प्रस्तुतियां दी।सपोटरा उपखंड में गुरुवार को गणगौर का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने पार्वती के अवतार के रूप में गणगौर माता व भगवान शिव के ईशर अवतार की पूजा अर्चना कर सुहाग की दीर्घायु की कामनी की गई। नारौली डांग। कस्बे में महिलाओं ने घरों में मिट्टी के ईसर-गणगौर बनाकर उत्साह व जोश के साथ पूजा करती है। कन्याएं इच्छित वर पाने के लिए तथा सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए कामना करती है।

तरुण छत्तीसगढ़

# राजधानी

रायपुर, शुक्रवार 24 मार्च 2023

रायपुर एवं कोरबा से एक साथ प्रकाशित



# बेमौसम वर्षा : राजस्व विभाग का सर्वे शुरू

### क्षतिपूर्ति राशि दिलाने बिचौलिए सक्रिय

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 मार्च।** बेमौसम वर्षा के कारण किसानों की क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे का काम शुरू हो गया है। किसानों ने शिकायत की है कि इसके साथ बिचौलिये भी सक्रिय हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा में राजस्व मंत्री राजस्व संहिता 6(4/1) के तहत किसानों की फसलों की क्षति के मुआवजा के लिए सर्वे कराने की घोषणा की थी। राजस्व विभाग के अनुसार यह स्थायी आदेश है। इसके तहत कलेक्टर कभी भी सर्वे का काम शुरू कर सकते हैं। वर्तमान में बेमौसम वर्षा के कारण गेहूं, चना एवं उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत टमाटर, गोभी एवं अन्य सब्जियों की फसल चौपट हो गई है जिसके कारण किसान परेशान हैं। कृषि संचालक के अनुसार यह काम राजस्व विभाग का है। रायपुर जिले पर भी इसका असर पड़ा है लेकिन बीजापुर, कांकेर व कोण्डागांव जिले में ओलावृष्टि हुई है जिसके कारण यहां पर फसल का सर्वाधिक नुकसान हुआ है।

किसानों के अनुसार यहां पर सर्वे का काम शुरू होते ही तहसील कार्यालय से लेकर अनुविभागीय कार्यालय तक बिचौलिये सक्रिय हो गए हैं जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है। किसानों से फार्म भरवाया जा रहा है। पटवारी यहां पर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए गांव-गांव घूम रहे हैं। राज्य में इस समय बेमौसम वर्षा के कारण कई जिलों में रबी की फसल प्रभावित हुई है। शासन के निर्देश अनुसार अब फसल बीमा का भी लाभ दिया जाएगा। राजस्व सचिव एनआर एक्का के अनुसार यहां काम एक महीने के अंदर कर लिया जाएगा। शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

# छग फार्मेसी काउंसिल के चुनाव की सरगर्मी तेज

- एकता पैनल का प्रचार-प्रसार जोरों पर
- 23 हजार सदस्य करेंगे 6 सदस्यों का चुनाव

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के सदस्यों के निर्वाचन की सरगर्मी तेज हो गई है। एकता पैनल के सदस्यों ने अपना प्रचार तेज कर दिया है। 10 अप्रैल तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से सदस्यों को मतदान करना होगा।

छत्तीसगढ़ में फार्मासिस्टों की सबसे बड़ी संस्था के लिए सदस्यों का निर्वाचन किया जा रहा है। इसके लिए डॉ. पामभोई को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। वर्तमान में इस संस्था के 23 हजार सदस्य हैं। पूरे छग में इन सदस्यों के माध्यम से ही सिर्फ 6 निर्वाचित सदस्यों का नामांकन होगा। इसके लिए कुल 29 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा है। यह संस्था महत्वपूर्ण है। संस्था को भारत सरकार द्वारा कई अधिकार प्राप्त हैं। वर्तमान में एकता पैनल सहित अन्य पैनल सक्रिय हैं। इन चार पैनलों में से हीरा शंकर साहू और अजय सिंह राजपूत काफी सक्रिय हैं। पूर्व में भी ये सदस्य रह चुके हैं इसलिए इनका प्रचार-प्रसार काफी तेज चल रहा है। इनके पैनल को जीत मिलने की संभावना बताई जा रही है। छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के 6 निर्वाचित सदस्यों के अलावा सरकार और एक्स ऑफिसियो सदस्य होते हैं जिनकी संख्या मिलाकर 15 हो जाती है। सरकार द्वारा सदस्यों का नामांकन किया जाता है लेकिन राजनीतिक उठापटक के चलते सदस्यों का नामांकन नहीं हो पाया।

शेखर वर्मा बने नए रजिस्ट्रार

आयुष विवि के रजिस्ट्रार डॉ. शेखर वर्मा को फार्मेसी काउंसिल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे सचिव के पद पर कार्य करेंगे। दवा विक्रेता संघ और फार्मेसी काउंसिल के सदस्य अश्विनी विग ने बताया कि पिछले कई दिनों से सरकार से मांग की जा रही थी कि यहां पर किसी फार्मासिस्ट को बैठाया जाए। सरकार के द्वारा नियुक्ति किए जाने पर उन्होंने शासन के प्रति साधुवाद व्यक्त किया है।

## एक नजर

### अमिता दुबे सहित छत्तीसगढ़ के अनेक साहित्यकार नई दिल्ली में सम्मानित

**रायपुर 24 मार्च।** राष्ट्रीय स्तर की संस्था मंजिल ग्रुप साहित्यिक मंच (मगसम) द्वारा नई दिल्ली के हर्ष विहार में आयोजित तीन दिवसीय समारोह में छत्तीसगढ़ के नगरी-सिहावा अंचल (जिला -धमतरी)निवासी साहित्यकार श्रीमती अमिता दुबे को तीन विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया । हाल ही में आयोजित तीन दिवसीय इन्हें समारोह में इन्हें मिलाकर छत्तीसगढ़ के अनेक साहित्यकार सम्मानित हुए।श्रीमती अमिता दुबे को तीन सम्मान प्रदान किए गए। इनमें मगसम की ओर से मातोश्री सम्मान ,गीताश्री संस्थान (काशी भाषा संस्थान )की ओर से साहित्य विभूति सम्मान छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी एच. एस. चाहिल परिवार की ओर से दलजीत कौर स्मृति सम्मान शामिल है।उनके अलावा छत्तीसगढ़ से सम्मानित हुए अन्य साहित्यकारों में रायपुर के अमरनाथ त्यागी,बिलासपुर के अंजनी तिवारी ,किरण लता वैद्य प्रदीप वैद्य ,डॉ. मनोरमा चन्द्रा और मंजूलता सरावगी ,करगी रोड के गया प्रसाद साहू ,पांडुका (जिला -गरियाबंद) के पुरुषोत्तम चक्रधारी , रायगढ़ के बी. एल. नायक. निर्भय गुप्ता और रोशन पटेल भी शामिल थे। समारोह में अनेक पुस्तकों का विमोचन भी हुआ।मुख्य अतिथि की आसंदी से समारोह को अंजनी कुमार सुधाकर ने और अध्यक्षीय आसंदी से सम्बोधित करते हुए सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई और शुभकामनाएं दी।सम्मान के लिए देश भर से प्राप्त 42 हजार रचनाओं में से एक हजार 111रचनाकारों का चयन मगसम संस्था द्वारा किया गया था।

### दिनदहाड़े चोरों ने घर के सामने से पार कर दी स्कूटी

**रायपुर 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार बाइक चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। चोर दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला रायपुर के माना थाना इलाके का है। दरअसल, माना थाना अंतर्गत धरमपुरा गांव में प्रार्थी संतोष साहू के घर के सामने उसकी एक लाल रंग की स्कूटी खड़ी थी। जिसे दिनदहाड़े दो चोरों ने बड़ी ही आसानी से पार कर दिया है। चोरों की वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फ़िलहाल पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

### नीरव और ललित मोदी को भगाने का काम मोदी सरकार ने किया: मरकाम

**रायपुर।** पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है. मरकाम ने कहा, सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं हो सकता. हम सत्य के साथ में हैं. राहुल गांधी के साथ खड़े हैं, करोड़ों भारतीयों की आवाज राहुल गांधी उठाते हैं। मोदी सरकार आवाज को दबाने और डराने का प्रयास कर रही है. 2019 लोकसभा चुनाव में नीरव मोदी ललित मोदी, मेहुल चौकसी, मोदी सरनेम वाले देश से भाग रहे हैं, इस देश की गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर भाग रहे हैं. राहुल गांधी ने गलत क्या कहा है? हम गांधी जी के अनुयाई हैं, गांधी जी हमेशा सत्य के साथ चले हैं. कांग्रेस जन भी सत्य के साथ चले हैं, मोदी सरकार से डरने वाले नहीं हैं. राहुल गांधी ने सत्य कहा है, नीरव मोदी ललित मोदी को भगाने का काम मोदी सरकार ने किया है. कोर्ट के डिसीजन का हम सम्मान करते हैं. ऊपर कोर्ट भी है. हम हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे. सत्य की जीत होगी सत्य के साथ में कोर्ट का निर्णय आएगा. बता दें कि, सूरत कोर्ट के फैसले के बाद इधर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सत्याग्रह शुरू कर दिया है. पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में जमकर नारे लगाए. बैनर पोस्टर के जरिए राहुल गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रभारी सैलजा का समर्थन करते हुए नारे लगाए।

### रिद्धि सोनी की मौत का पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**रायपुर 24 मार्च।** राजधानी के नयापारा इलाके में विगत दिनों रिद्धि सोनी की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है. रिपोर्ट में रिद्धि सोनी की गला दबाकर हत्या करने के बाद फांसी पर लटकाने की बात सामने आई है, जिसके बाद पुलिस अज्ञात के खिलाफ हत्या की धारा 302, 201 के तहत अपराध दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बीते 10 मार्च को संदिग्ध हालत में रिद्धि सोनी की लाश ससुराली घर में फांसी पर लटकती हुई मिली थी. परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं मानते हुए मामले की पूरी निष्पक्षता से जाँच की मांग की थी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुए खुलासा के बाद आक्रोशित परिजनों ने गोलबाजार थाना पहुंचकर हत्या की साजिश में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की माँग की. पुलिस ने परिजनों को पूरे मामले को गंभीरता से जांच का आश्वासन दिया है.गोलबाजार थाना से मिली जानकारी के मुताबिक, पूरे मामले पर अपराध कायम कर जांच की जा रही है. संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है. इस वारदात के वक्त घर पर कितने सदस्य मौजूद थे. सभी बिंदुओं पर जांच की जाएगी. जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# बेटी बचाओ मंच महादेवघाट परिक्षेत्र ने मनाया चैत्र नवरात्र, हिंदू नव वर्ष



**रायपुर 24 मार्च।** बेटी बचाओ मंच महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र ने हिंदू नव वर्ष तथा चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस जन कल्याण तथा महिला उत्थान की मंगल कामना को लेकर महादेव घाट स्थित शीतला मंदिर में माता की पूजा अर्चना तथा स्तुति गान के साथ सामूहिक आरती उतारकर एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी । मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई में परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा एवं पदाधिकारियों द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में यहां से पदाधिकारी धर्म ध्वज लेकर बड़े गणेश मंदिर रायपुरा पहुंचे । जहां भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंच की ओर से की गई थी। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि चैत्र नवरात्र तथा नववर्ष में मंच ने पूरे 9 दिन तक कन्या जन्मोत्सव , महिला सम्मान , धर्माचार्य, पंडित- पुजारी का सम्मान आदि कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# 100 से अधिक नये स्कूल खोलने का प्रावधान

- आईटीआई में नए ट्रेड के लिए टाटा से 1200 करोड़ रुपए का एमओयू



**रायपुर 24 मार्च।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उन्होंने विद्या की देवी मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना, राजगीत और विश्विद्यालय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि अब कॉलेजो में एक लाख 8 हजार सीटों की वृद्धि हुई है । लगभग 40 प्रतिशत सीटों में वृद्धि हुई । इन चार सालों में आठ नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं । उन्होंने कहा कि यह विज्ञान का युग है, आईटीआई में नए ट्रेड के लिए टाटा से 1200 करोड़ रुपए का एमओयू किया है जिससे हमारे बच्चे आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सकें। हमारी सरकार ने बेरोजगार साथियों के लिए बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान किया है। राज्य के बेरोजगारों को 2500 बेरोजगारी भत्ता का ऐलान किया गया है। 1 अप्रैल से इसकी शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 वर्षों में 33 शासकीय 76 अशासकीय महाविद्यालय को स्वीकृति मिली है। 44त्न की सीटों की वृद्धि हुई है। हमने स्कूली शिक्षा के लिए 279 स्वामी आत्मनंद अंग्रेजी विद्यालय खोला है इस बजट में भी 100 से अधिक नए विद्यालय खोलने का प्रावधान है

### नियमितीकरण को लेकर पंचायत सचिवों में नाराजगी

रायपुर, 24 मार्च । प्रदेश सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र को अमल में नहीं लाए जाने से पंचायत सचिवों में नाराजगी है. जिसको लेकर 16 मार्च से फिंगेस्वर ब्लाक मुख्यालय के 72 ग्राम पंचायतों के सचिव अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिवों के अनिश्चित कालीन आंदोलन में होने से मुख्यालय के पंचायतों में ताला लटक गया है. ताला लटकने से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोबर खरीदी ठप होने के साथ ही केंद्र सरकार की रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों का काम भी बंद है. केंद्र व प्रदेश सरकार की योजना ग्रामीण क्षेत्रों में ठप होने से ग्रामीणों को रोजी रोटी के लिए काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से शासन के महत्वकांक्षी योजना गोबर खरीदी, रीपा कार्य, गौठान के समस्त कार्य, मनरेगा के कार्य, जन्म-मृत्यु पंजीयन आदि कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा है।

### मदरसा बोर्ड के कर्मियों को चार वर्ष से वेतन नहीं

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 24 मार्च।** मदरसा बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न शालाओं में शिक्षक-शिक्षिकाओं को चार वर्ष से वेतन नहीं मिला है। इस आशय की शिकायत मदरसा बोर्ड से जुड़े लोगों ने आदिम जाति मंत्री प्रेम साय सिंह से की है।

शिकायतकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल विधानसभा परिसर पहुंचा था। यहां पर उन्होंने विभागीय मंत्री को बताया कि मदरसा बोर्ड राज्यांश और केंद्र से मिलने वाली राशि से संचालित होता है। वर्तमान में केंद्र द्वारा राशि दे दी गई है लेकिन राज्य द्वारा राज्यांश नहीं दिया गया है। मैचिंग ग्रांट नहीं मिलने के कारण उन्हें वेतनमान नहीं मिल रहा है। इन शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बताया कि पिछले चार वर्ष से वेतन नहीं मिलने पर उनकी पारिवारिक स्थिति काफी गंभीर हो गई है। इस महंगाई के जमाने में वे काफी परेशान हैं। शिक्षा मंत्री ने इन लोगों की समस्याएं सुनीं।

#### धरने पर बैठी महिलाओं की भी सुध ली शिक्षा मंत्री ने

बूढ़ातालाब के पास धरने पर बैठी महिलाओं के एक प्रतिनिधिमण्डल को पूर्व विधायक धरमलाल कौशिक ने आदिम जाति मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम से मिलवाया। ये महिलाएं अपने पति की मृत्यु पश्चात अनुकंपा नियुक्ति की मांग कर रहीं हैं। पंचायत विभाग के अधीन आने वाले मृतकों को आश्रितों को शिक्षा विभाग में शिक्षाकर्मी के रूप में नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव है। ये महिलाएं पिछले कई दिनों से आंदोलनरत हैं।



### मुख्यमंत्री माँ बंजारी शक्ति पीठ पहुंचे, पूजा की

**रायपुर, 24 मार्च ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित माँ बंजारी शक्ति पीठ पहुंचे और नवरात्रि के पावन अवसर पर आदिशक्ति मां बंजारी की मंत्रोच्चार के बीच विधि - विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मंदिर परिसर में माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित मंदिर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय भी उपस्थित थे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह स्थल पहुंचे।

### अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण 26 मार्च को

**रायपुर 24 मार्च।** अवंती विहार व्यापारी संघ द्वारा अटल बिहारी बाजपाई की प्रतिमा का अनावरण 26 मार्च को दोपहर 12 बजे पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा, उक्त जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल व विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, वार्ड पार्षद सीमा साहू उपस्थित रहेंगे। महामंत्री किशोरचन्द नायक ने बताया की छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपाई जी की राजधानी रायपुर में पहली आदमकद मूर्ति की स्थापना अवंती विहार स्थित अटल चौक में की गई है।

### युकां ने राहुल गांधी को सजा सुनाने के विरोध में किया प्रदर्शन



**रायपुर 24 मार्च।** आज राजधानी रायपुर में युवा कांग्रेस द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत हाई कोर्ट द्वारा 2 साल की सजा दिए जाने पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा आज ऐतिहासिक गांधी मैदान में गांधी जी की प्रतिमा के नीचे संकेतिक प्रदर्शन किया गया इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने गांधी टोपी पहन कर बैनर पोस्टर हाथ में लिए अहिंसात्मक रूप से प्रदर्शन किया और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की आज सूरत हाईकोर्ट में हमारे नेता राहुल गांधी को दोषी करार दिया गया मैं इसमें कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी जी को झूठे गवाह और दलीलों के तहत दोषी करार दिया गया और आज मैं अपने नेता राहुल गांधी से प्रभावित हुआ हूं वे जेल जाना स्वीकार किए पर माफी नहीं मांगी और उन्होंने आज फिर साबित कर दिया की वह गोडसे से नहीं गांधी है उन्होंने जो बात 2019 में कही थी वह किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं बल्कि एक व्यक्ति विशेष के लिए कही थी और आज उनको सजा हुई है पर युवा कांग्रेस लगातार राहुल गांधी कही हुई बातें जो महंगाई, बेरोजगारी और नफरत के खिलाफ केंद्र की मोदी सरकार से लड़ती रहेगी।

# छग का नाम रौशन करेंगे अर्पण के मूक-बधिर बच्चे



**रायपुर, 24 मार्च।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा राजेन्द्रनगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों को मूर्ति निर्माण कला सिखाई गई। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा दस दिवसीय पुरातत्वीय प्लास्टर कास्ट प्रतिकृति प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों की हौसला आफजाई के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री सुभाष शर्मा यहां पहुंचे थे। बच्चों द्वारा बनाई गई प्रतिमाओं की प्रतिकृति को देखकर वे आश्चर्य चकित रह गए। उन्होंने बच्चों की कला व लगन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन बच्चों की कला को और निखारा जाए तो ये छत्तीसगढ़ का नाम दुनिया में रौशन कर सकते हैं। बिना सुने व बिना बोले केवल इशारों की भाषा से समझकर प्लास्टर ऑफ पेरिस या मिट्टी को जीवंत रूप देना किसी करिश्मा से कम नहीं है। और यह करिश्मा अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने कर दिखाया है। इनके प्रशिक्षक संजय भी प्रशंसा के पात्र हैं। शर्मा ने स्कूल को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने किया। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष विरेन्द्र शर्मा, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, मोनिका गुप्ता, विशाल, सुषमा राय आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सीमा छाबड़ा ने किया।

संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय ने दिव्यांग बच्चों के लिए पुरातत्वीय प्लास्टर कास्ट प्रतिकृति प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। इस कार्यशाला को सफल बनाने में अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। यह बात उड़ान आईएएस कोचिंग इंस्टीट्यूट के संचालक अंकित अग्रवाल ने कही है। उन्होंने कार्यशाला के चतुर्थ दिवस प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन कर मूक-बधिर बच्चों के साथ वक्त बिताया। ज्ञात हो कि अर्पण कल्याण समिति द्वारा राजेंद्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत मूक-बधिर बच्चों को पुरातत्व विभाग के आर्टिस्ट संजय द्वारा मूर्ति बनाने की कला सिखाई जा रही है। शिविर की प्रशंसा करते हुए अग्रवाल ने कहा कि इन बच्चों के बीच आकर मैं अत्यंत भावुक हो गया हूँ। ये बच्चे भगवान के प्रतिरूप हैं। समिति के संरक्षक, पूर्व महापौर व नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लायंस क्लब रायपुर शिखर की अध्यक्ष आशा बारेवार ने कहा कि मूक-बधिर बच्चों के भविष्य निर्माण का बीड़ा उठाकर अर्पण कल्याण समिति ने अनुकरणीय कार्य किया है। लायंस क्लब रायपुर शिखर ने बच्चों को लोवर व जलपान का वितरण किया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23